RADIANT ACADEMY
(AFFILIATED TO CBSE)
B-180, sector-55, noida Ph: 120-4314312/ 6514636
Mob. : 9350251631/ 9674710772 E-mail: radiantacademynoida@yahoo.com
RADIANT ACADEMY
(J.H.S.) (AFFILIATED TO CBSE)
Sorkha, Sector- 115, noida on Fng Ph: 120- 6495106,
Mob. : 9873314814/ 9674710772 E-mail: radiantacademysorkha@yahoo.com
Let your child Explore the world with us in a Secure Environment!
We are a Co-Educational Medium Senior Secondary School imparting quality education since the last 20 years.
FROM ADMISSION OPEN NURSERY TO CLASS XI Transport Facility Available
FACILITIES AVAILABLE AT SCHOOL : ●Highly Qualified And Trained Faculty well Quipped Labs ●CCTV Controlled Environment ●Activity Based Learning ● Well Equipped Library ●GPS Enable Buses

आज की खबर आज ही
जनाकांक्षाओं का सजग प्रहरी
# चेतना मंच



पेज 7 कृति सेनन ने दिया अपने...

वर्ष : 27 | अंक : 12 | website:www.chetnamanch.com | नोएडा, बृहस्पतिवार, 02 जनवरी, 2025 | Chetna Manch | Chetna Manch | मूल्य 2.00 रु. | पेज: 8

## दिल्ली में बड़ी चुनावी घोषणाएं करेगी भाजपा

### प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल फूंकेंगे चुनावी बिगुल

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली में विधानसभा चुनाव को लेकर राजनैतिक पारा ऊपर चढ़ गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दिल्ली विधानसभा चुनाव का बिगुल शुक्रवार को फूंकेंगे।

सूत्रों के मुताबिक भाजपा दिल्ली के विधानसभा चुनाव के लिए बड़ी चुनावी घोषणा कर सकती है। प्रधानमंत्री कल रोहिणी के जापानी पार्क में रैली को संबोधित करेंगे और दिल्ली के विकास की कार्ययोजना पेश करते हुए 4500 करोड़ रुपये की कई परियोजनाओं की सौगात देंगे। वहीं, प्रधानमंत्री की दूसरी रैली पांच जनवरी को पूर्वी दिल्ली के सीबीडी ग्राउंड में प्रस्तावित है।

भाजपा के सूत्रों के मुताबिक भाजपा दिल्ली विधानसभा चुनाव में बड़ी चुनावी घोषणाओं के साथ उतरेगी। सूत्रों के मुताबिक भाजपा अपने घोषणा-पत्र में दिल्ली वासियों को 300 यूनिट मुफ्त बिजली, 20 हजार लीटर मुफ्त स्वच्छ पानी, महिलाओं व छात्रों और बुजुर्गों के लिए फ्री बस सेवा के अलावा दिल्ली में लाड़ली योजना और झुग्गीवासियों को पक्के मकान देने की घोषणा कर सकती है।



इस मौके पर प्रधानमंत्री दिल्ली मेट्रो के फेज-4 के तहत रिठाला-नरेला-कुंडली लाइन का शिलान्यास और दिल्ली-सहारनपुर नेशनल हाईवे के शुभारंभ के साथ ही दिल्ली को जाम व प्रदूषण मुक्त करने के लिए चार मुख्य प्रोजेक्टों से अवगत कराएंगे। भाजपा जनसभाओं में भारी भीड़ जुटाने की तैयारी में है।

मंडल अध्यक्षों को कम से कम दो बसें भरकर लाने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। भाजपा सांसद कमलजीत सहरावत, योगेंद्र चांदौलिया और रामवीर सिंह बिधूड़ी को रैली आयोजित करने के लिए प्रभारी बनाया गया है। भाजपा नेताओं का कहना है कि रैलियों में मोदी की गारंटी की घोषणा होगी।

राजधानी में झुग्गीवासियों के लिए भी खुशखबरी है। दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) की ओर से वजीरपुर में बनाए गए 1645 स्वाभिमान फ्लैट की चाबी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार को अशोक विहार के झुग्गीवासियों को सौंपेंगे। यह कदम दिल्ली विधानसभा चुनाव से पहले भाजपा की रणनीतिक योजना का अहम हिस्सा माना जा रहा है।

### सावरकर के नाम पर कॉलेज

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 3 जनवरी को पूर्वी और पश्चिमी दिल्ली में दो नए दिल्ली विश्वविद्यालय परिसरों के साथ-साथ वीर सावरकर के नाम पर एक कॉलेज की आधारशिला रख सकते हैं। विश्वविद्यालय के सूत्रों ने यह जानकारी दी। यह कॉलेज नजफगढ़ में सावरकर कॉलेज 140 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से बनाया जाएगा। इसे 2021 में डीयू की कार्यकारी परिषद ने मंजूरी दी थी।

### बीजेपी की तुलना दाऊद से की

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** शिवराज सिंह की चिट्ठी पर सीएम आतिशी ने जवाब दिया है। आतिशी ने कहा कि बीजेपी का किसानों के बारे में बात करना वैसे ही है, जैसे दाऊद अहिंसा पर प्रवचन दे रहा हो। जितना बुरा हाल किसानों का बीजेपी के समय में हुआ, उतना कभी नहीं हुआ। मुख्यमंत्री आतिशी ने कहा कि पंजाब में किसान आमरण अनशन पर बैठे हैं, मोदी जी से कहिए उनसे बात करें किसानों से राजनीति करना बंद करो। बीजेपी राज में किसानों पर गोलियां, लाठियां चलाई गईं। बता दें कि शिवराज सिंह ने सीएम आतिशी को चिट्ठी लिखी थी, इसी चिट्ठी का आतिशी ने जवाब दिया है।



### सीएम योगी का बड़ा एक्शन

## बार-बार चालान कटा तो लाइसेंस होगा कैंसिल



**लखनऊ (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश में ट्रैफिक के नियमों को बार-बार तोड़ने वालों पर योगी सरकार ने सख्त फैसला लिया है। इस सख्ती के तहत किसी भी गाड़ी का अगर बार-बार चालान कटा को उसके मालिक का ड्राइविंग लाइसेंस रद्द किया जा सकता है। इस संबंध में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आदेश दिया है। दरअसल कानून और यातायात व्यवस्था को लेकर एक बैठक में यह सख्त फैसला लिया गया। यातायात नियमों को तोड़ने वाले बाइक, कार और ई-रिक्शा चालकों के सख्त कार्रवाई का आदेश दिया गया है।

सीएम योगी आदित्यनाथ ने आदेश दिया है कि नियमों का अनदेखी करने वालों की पहचान की जाए। जो वाहन चालक लगातार ट्रैफिक नियमों का तोड़ते हैं उनका ना सिर्फ लाइसेंद रद्द दिया जाए बल्कि कमर्शियल वाहनों की स्थिति में उनका परमिट भी रद्द कर दिया जाए। सीएम योगी ने सड़क हादसे रोकने के लिए स्कूलों-कालेजों में (शेष पृष्ठ-3 पर)

## युवक और महिला ने लगाई फांसी

**नोएडा (चेतना मंच)।** अलग-अलग स्थानों पर एक युवक और एक महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

मूल रूप से जनपद ललितपुर का रहने वाला 32 वर्षीय राजेश पुत्र सियाराम अपनी पत्नी के साथ गौर यमुना सिटी में झुग्गी डालकर रह रहा था। वह मेहनत-मजदूरी कर अपने परिवार का भरण-पोषण कर रहा था। बीती रात उसने अपनी झुग्गी में फंदे से लटककर फांसी लगा ली। जब उसे गंभीर हालत में जिम्स अस्पताल ले जाया गया, तो परीक्षण के उपरांत चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

अस्पताल से सूचना मिलने पर थाना रबूपुरा पुलिस ने शव का पंचायतनामा भरकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस का कहना है कि मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। वहीं परिजन भी आत्महत्या की कोई ठोस वजह नहीं बता पा रहे हैं। उधर, थाना सेक्टर-39 क्षेत्र के छलेरा गांव में रहने वाली सुमन नामक महिला ने भी अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

## दिल्ली-एनसीआर में 6.5 डिग्री पारा

**दिल्ली /नोएडा (एजेंसी)।** राष्ट्रीय राजधानी में तापमान में लगातार गिरावट देखी जा रही है, क्योंकि नए साल की शुरुआत में ठंड के मौसम के चलते कई क्षेत्रों में पारा काफी गिर गया है। कश्मीर के ऊपरी हलकों के साथ ही कई पहाड़ी इलाकों में बर्फबारी ने दिल्ली एनसीआर का मौसम सर्द बना दिया है। भारतीय मौसम विभाग के अनुसार, दिल्ली के पालम में न्यूनतम तापमान गुरुवार को 6.5 डिग्री सेल्सियस तक गिर गया। इस बीच, सफदरजंग में दर्ज न्यूनतम तापमान बुधवार के 7.4 डिग्री सेल्सियस से मामूली बढ़कर आज 7.6 डिग्री सेल्सियस हो गया। आईएमडी ने आज औसत न्यूनतम तापमान 8 डिग्री सेल्सियस और औसत अधिकतम तापमान 17 डिग्री सेल्सियस रहने (शेष पृष्ठ-3 पर)

## उप्र युवा व्यापार मंडल के प्रदेश कार्यालय का शुभारंभ

**नोएडा (चेतना मंच)।** आज सेक्टर-115 में उत्तर प्रदेश युवा व्यापार मंडल के पहले प्रदेश कार्यालय का उदघाटन हुआ। सांसद तथा पूर्व केन्द्रीय मंत्री डा. महेश शर्मा ने विधिवत दीप प्रज्जवलित कर इस भवन का उदघाटन किया।

इस अवसर पर उप्र युवा व्यापार मंडल के उप्र के चेयरमैन नवनीत गुप्ता, प्रदेश अध्यक्ष विकास जैन, उद्योग प्रकोष्ठ के अध्यक्ष शक्ति सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष निखिल अग्रवाल, प्रवीण गर्ग, प्रदेश महामंत्री सचिन गोयल, नरेन्द्र चौपड़ा, सांसद प्रतिनिधि संजय बाली समेत कई गणमान्य लोग मौजूद थे।





उदघाटन के बाद भंडारे का आयोजन किया गया तथा 1501 गरीबों को कंबल वितरित किए गए। खबर लिखे जाने तक कार्यक्रम जारी था।

## घर में घुसे चोरों को मकान मालिक ने दबोचा

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** थाना सूरजपुर क्षेत्र के देवला कॉलोनी के एक मकान में चोरी की वारदात को अंजाम दे रहे दो चोरों को गृह स्वामी ने पड़ोसियों की मदद से दबोच लिया। इनके पास से घर से चोरी किया गया सामान भी बरामद हुआ है। मूल रूप से जनपद औरैया निवासी अवनीश कुमार ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि वह देवला कॉलोनी में गुड्डू भाटी के मकान में किराए पर रहता है और एक निजी कंपनी में काम करता है। 1 जनवरी की शाम को वह अपने घर से खरीदारी के लिए बाजार गया था। कुछ देर बाद जब वह (शेष पृष्ठ-3 पर)

## न्यू ईयर पार्टी करने गए दो भाईयों को दबंगों ने पीटा

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** थाना नॉलेज पार्क क्षेत्र के ग्राम नामोली में होटल पर खाना खाने गए दो भाइयों के साथ कुछ युवकों ने मारपीट कर उन्हें घायल कर दिया। लहूलुहान करने के बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए।

ग्राम तुगलपुर निवासी प्रिंस चेची ने थाना नॉलेज पार्क में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि वह 31 दिसंबर की रात्रि को अपने भाई गौरव चेची के साथ ग्राम नामोली स्थित सोनू शर्मा के होटल पर खाना खाने गया था। बराबर के ही होटल बर्लिन में बैठे धीरे खारी, पंकज खारी, अंकित खारी, शीटी खारी निवासी ग्राम तिलपता ने उनके साथ गाली-गलौज शुरू कर दी। प्रिंस चेची के मुताबिक, चारों युवक शराब के नशे में धुत थे। उन्होंने जब गाली-गलौज का विरोध किया तो चारों युवकों ने लाठी-डंडों से उनके साथ मारपीट शुरू कर दी। मारपीट में चोट लगने से दोनों भाई घायल होकर जमीन पर गिर गए। (शेष पृष्ठ-3 पर)

## ग्रेटर नोएडा में मकान बेचने के नाम पर लाखों की ठगी

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** ग्रेटर नोएडा में मकान बेचने के नाम पर एक महिला और उसके दो पुत्रों ने एक महिला से 20 लाख रुपए हड़प लिए। पैसे हड़पने के बाद मां-बेटे मकान को किसी अन्य व्यक्ति को बेचने की कोशिश में जुटे हुए हैं। पीड़ित महिला ने थाना बीटा 2 में महिला और उसके दो बेटों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया है।

नई दिल्ली के रमेश पार्क, लक्ष्मी नगर निवासी राधा गुप्ता ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वह ग्रेटर नोएडा में अपने परिवार के लिए एक घर की तलाश कर रही थी। इस दौरान उसकी मुलाकात रेनू बंसल और उसके पुत्र सौरभ और गौरव बंसल से हुई। रेनू बंसल ने स्वर्ण नगरी में 200 वर्ग गज में बने मकान को बेचने का प्रस्ताव रखा। दोनों पक्षों के बीच मकान का सौदा 1 करोड़ 98 लाख रुपए में तय हुआ।



12 जून 2023 को दोनों के बीच एग्रीमेंट हुआ, जिसके बाद राधा गुप्ता ने 20 लाख रुपए रेनू बंसल के बैंक खाते में ट्रांसफर कर दिए। राधा गुप्ता के मुताबिक, मकान की बाकी रकम के लिए उसे लोन की आवश्यकता थी। इसके लिए उसने रेनू बंसल और उसके पुत्रों से मकान के दस्तावेज मांगे। कई बार मांगने के बावजूद उसे दस्तावेज उपलब्ध नहीं कराए गए। संदेह होने पर उसने ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के दफ्तर से मकान की जानकारी ली। (शेष पृष्ठ-3 पर)

## लुटेरे गिरोह पर लगाया गैंगस्टर

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** थाना सूरजपुर पुलिस ने चार बदमाशों के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई की है। गैंगस्टर एक्ट में निरुद्ध किए गए बदमाश संगठित गिरोह बनाकर आपराधिक वारदातों को अंजाम देते थे। थाना प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार चाहर ने बताया कि पंकज बैसला उर्फ बादशाह पुत्र सुभाष, निवासी ग्राम सबलू गढ़ी, ने एक संगठित गिरोह बनाया हुआ है। इस गिरोह में शामिल हीरालाल उर्फ छोटे पुत्र प्रमोद, फरमान पुत्र फिरोज, और नितिन उर्फ मोगली पुत्र देशपाल शामिल हैं। गिरोह के सदस्य क्षेत्र में लूटपाट की घटनाओं को अंजाम देते हैं और लूटपाट से अर्जित संपत्ति से अपने परिवार का जीवन-यापन करते हैं। थाना प्रभारी ने बताया कि इस गिरोह के आपराधिक क्रियाकलापों पर नियंत्रण के लिए उनके खिलाफ गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई की गई है।

## जन्मदिन पर जोगेन्द्र अवाना का किया अभिनंदन



**नोएडा (चेतना मंच)।** सेक्टर-93 नोएडा स्थित कार्यालय पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता दिनेश अवाना के नेतृत्व में युवाओं के प्रेरणा स्त्रोत तथा राजस्थान के पूर्व विधायक पूर्व केबिनेट मंत्री वरिष्ठ कांग्रेस नेता जोगिंदर सिंह अवाना को जन्मदिवस पर शुभकामनाएं सहित बधाई दीं।

पूर्व केबिनेट मंत्री पूर्व विधायक जोगिंदर सिंह अवाना को पगड़ी तथा शाल भेंट कर अभिनंदन किया।

इस मौके पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता एडवोकेट दिनेश अवाना, महानगर कांग्रेस कमेटी नोएडा पूर्व अध्यक्ष शहाबुद्दीन, (शेष पृष्ठ-3 पर)

## शराब पर ओवर रेट लेने पर एफआईआर

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** देसी शराब के ठेके पर निर्धारित मूल्य से अधिक पैसे वसूलने पर सेल्समैन के खिलाफ थाना सूरजपुर में मुकदमा दर्ज कराया गया है। आरोपी सेल्समैन ने 70 रुपए वाले पव्वे पर 5 रुपए अधिक लिए थे।



सर्किल- 5 के आबकारी निरीक्षक चंद्रशेखर सिंह ने बताया कि उन्होंने गोपनीय तरीके से साकीपुर गांव स्थित देसी शराब की दुकान पर नकली ग्राहक भेजकर शराब की खरीदारी कराई। शराब खरीदने गए अजय कुमार से विक्रेता ने 75 रुपए लिए जबकि पव्वे पर 70 रुपए प्रिंट रेट अंकित था। इसके बाद आबकारी विभाग की टीम ने (शेष पृष्ठ-3 पर)

## तीन जुआरी गिरफ्तार



**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेल रहे तीन जुआरियों को थाना सूरजपुर पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इनके पास से दांव पर लगे 4600 रुपए व ताश की गड्डी बरामद हुई है। थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस टीम तिलपता गोल चक्कर के पास गश्त पर थी। इस दौरान सूचना मिली कि यूपीएसआईडीसी मार्केट के पास कुछ लोग जुआ खेल रहे हैं। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने बताए गए स्थान पर छापा मारकर तीनों को दबोच लिया। (शेष पृष्ठ-3 पर)

## हर किसान एक गाय जरूर पाले : श्याम बिहारी गुप्ता

### सेक्टर-33 पहुंचे उ.प्र गौसेवा आयोग के अध्यक्ष, नवाब सिंह नागर को दी जन्मदिन की बधाई

**नोएडा (चेतना मंच)।** भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मंत्री नवाब सिंह नागर का जन्मदिन हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। नोएडा के सेक्टर-33 स्थित आवास पर आयोजित जन्मदिन के कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश गो सेवा आयोग के अध्यक्ष एवं भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष श्याम बिहारी गुप्ता, भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश सह मीडिया प्रभारी अमित त्यागी सहित अन्य लोगों ने नवाब सिंह नागर को जन्मदिन की बधाई दी।

कार्यक्रम के दौरान उत्तर प्रदेश गो सेवा आयोग के अध्यक्ष श्याम बिहारी गुप्ता ने कहा कि उन्होंने नोएडा आगमन के दौरान सेक्टर-146 स्थित श्रीकृष्ण सुदामा गौरक्षाधाम का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने गौ पूजन एवं गौ सेवकों को वस्त्र वितरित कर उनका सम्मान किया। इस दौरान उन्हें गौशाला में सभी व्यवस्थाएं सही मिली। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार गौवंश के संरक्षण के लिए विशेष योजनाएं संचालित कर रही है।



मुख्यमंत्री निराश्रित गौवंश सहभागिता योजना के तहत आवारा और निराश्रित गौवंश को पालने के लिए इच्छुक किसान या पशुपालकों को सरकार द्वारा प्रति गौवंश के लिए हर माह 1500 रुपए मुहैया करवाया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रदेश सरकार की इस योजना का लाभ केवल राज्य के मूल निवासी गौवंश का पालन कर प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने पशुपालन को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए हर किसान (शेष पृष्ठ-3 पर)

सत्र 2025-26 के लिए एडमिशन प्रक्रिया शुरू
स्कूल कोड 09100110910
सरस्वती ग्लोबल स्कूल
सेक्टर 22 नोएडा





फ़ोन .08750611103

## खुले बोरवेल

ऐसे समय में जब देश-दुनिया नये साल के जश्न में डूबने जा रही है मध्यप्रदेश व राजस्थान में खुले बोरवेल में गिरने से हुई दो बच्चों की मौत विचलित करती है। राजस्थान के दोसा जिले और मध्यप्रदेश के गुना की घटनाएं पहली बार नहीं हुई हैं। गाहे-बगाहे ऐसी खबरें पूरे देश से आती हैं। यह सोचकर ही मन सिहर उठता है कि कोई बच्चा कैसे एक अंधी सुरंग में भूखे-प्यासे, अपर्याप्त ऑक्सीजन व बिना हिले-डुले कुछ दिन मौत की प्रतीक्षा करता होगा। भय व घुप्प अंधेरे में बच्चा किन मानसिक व शारीरिक यातनाओं से गुजरता होगा, सोचकर भी डर लगता है। लेकिन फिर भी हमारा संवेदनहीन समाज व लापरवाह तंत्र इस त्रासदी को गंभीरता से नहीं लेता। जिस बोरवेल को खुदवाने में लाखों रुपये खर्च होते हैं, उसका मुंह बंद करने के लिये चंद रुपये खर्च करने में लोग आपराधिक लापरवाही दिखाते हैं। राजस्थान के कोटपुतली में बोरवेल में गिरी तीन साल की बच्ची को एक सप्ताह बाद भी न निकाला जाना तंत्र की विफलता को दर्शाता है। निस्संदेह, यह अभियान जटिल बताया जाता है और बारिश ने राहत कार्य में बाधा डाली, लेकिन शुरुआत में प्रशासन की शिथिलता पर सवाल उठे हैं। ऐसे अभियानों में राष्ट्रीय आपदा निरोधक बल तथा स्थानीय सुरक्षा बलों की नाकामी गाहे-बगाहे उजागर होती रहती है। निस्संदेह, ऐसे संकटों में तत्काल कार्रवाई और राहत-बचाव कार्य को आधुनिक तकनीक से शुरू करने की जरूरत महसूस की जाती रही है। यही वजह है कि आए दिन होने वाले बोरवेल हादसों के मद्देनजर देश की शीर्ष अदालत ने वर्ष 2010 में इस बाबत दिशानिर्देश जारी किए थे ताकि ऐसे हादसों को टाला जा सके। जिसमें बोरवेल के चारों ओर बाड़ लगाने तथा मजबूत बोल्ट के साथ स्टील कवर लगाने के निर्देश दिए गए थे। इसके बावजूद आए दिन बोरवेल में बच्चों के गिरने के मामले सामने आ रहे हैं। जाहिर किसान व स्थानीय प्रशासन सुप्रीम कोर्ट के आदेशों की अनदेखी कर रहे हैं। अन्यथा ऐसे हादसों की पुनरावृत्ति न होती। निस्संदेह, देश के विभिन्न भागों में बोरवेल हादसों का सामने आना जहां निगरानी करने वाले विभागों की लापरवाही को दर्शाता है, वहीं उन लोगों के आपराधिक कृत्य को भी दर्शाता है, जो बोरवेल का मुंह खुला छोड़ देते हैं। वहीं हादसे हमारे समाज में चेतना के अभाव को भी दर्शाते हैं कि खुले बोरवेल के खिलाफ आम लोगों के स्तर पर आवाज नहीं उठायी जाती। यह भी उल्लेखनीय है कि सिंचाई विभाग राज्यों का विषय होने के कारण इसमें केंद्र सरकार का दखल नहीं हो पाता। एक अनुमान के अनुसार देश में करीब पौने तीन करोड़ बोरवेल हैं। जिसमें से बड़ी संख्या में सूख चुके हैं। जिन्हें गैरजिम्मेदार लोगों द्वारा खुला छोड़ दिया जाता है, जो कालांतर हादसे की वजह बन जाते हैं। विडंबना यह भी है कि एनडीआरएफ द्वारा चलाये जाने वाले ऐसे राहत व बचाव के दो तिहाई अभियान नाकाम रहते हैं। दरअसल, सभी राज्यों में ऐसे मामलों में बच्चों की जान बचाने से जुड़े सुरक्षा उपाय हर जिले के अधिकारियों को एक मैनुअल के रूप में दिए जाने चाहिए। ताकि किसी हादसे के बाद राहत-बचाव कार्य तुरंत शुरू करके बच्चों को बचाया जा सके। संकट इस ओर भी इशारा करता है कि ऐसे मामलों में हमारा राहत व बचाव का तंत्र कितना शिथिल व निष्प्रभावी है। अकसर स्थिति जटिल होने पर सेना के विशेषज्ञों की भी मदद ली जाती है। कई बार इतनी देर बाद सेना के विशेषज्ञों को बुलाया जाता है कि बच्चों के बचने की उम्मीद क्षीण हो चुकी होती है। निश्चित रूप से बोरवेल की देखरेख करने वाली एजेंसियों के अधिकारियों की जवाबदेही तय करने का वक्त आ गया है। ऐसे मामलों में लापरवाही दिखाने वाले अधिकारियों को दंडित करने की जरूरत है। उनका दायित्व बनता है कि खुले बोरवेल के मालिकों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करें। समाज के लोगों को भी इस बाबत सचेत करने की जरूरत है ताकि वे प्रशासन को खुले बोरवेल की सूचना दे सकें। यदि समाज सचेत और संवेदनशील रहेगा तो उसका दबाव प्रशासन भी महसूस करेगा। फिर इस सजगता-सतर्कता से कई बच्चों की अनमोल जिंदगी बचायी जा सकेंगी।

## रामचरित मानस

**कल के अंक में आपने पढ़ा था कि एक बार इन्होंने शिवजी के साथ आते हुए ( राह में ) रघुकुल रूपी कमल के सूर्य श्री रामचन्द्रजी को देखा, तब इन्हें मोह हो गया और इन्होंने शिवजी का कहना न मानकर भ्रमवश सीताजी का वेष धारण कर लिया॥ उससे आगे का वर्णन क्रमानुसार प्रस्तुत है।**

**सिय बेषु सतीं जो कीन्ह तेहिं अपराध संकर परिहरीं।**
**हर बिरहँ जाइ बहोरि पितु कें जग्य जोगानल जरीं॥**
**अब जनमि तुम्हरे भवन निज पति लागि दारुन तपु किया।**
**अस जानि संसय तजहु गिरिजा सर्बदा संकरप्रिया॥**

सतीजी ने जो सीता का वेष धारण किया, उसी अपराध के कारण शंकरजी ने उनको त्याग दिया। फिर शिवजी के वियोग में ये अपने पिता के यज्ञ में जाकर वहीं योगाग्नि से भस्म हो गईं। अब इन्होंने तुम्हारे घर जन्म लेकर अपने पति के लिए कठिन तप किया है ऐसा जानकर संदेह छोड़ दो, पार्वतीजी तो सदा ही शिवजी की प्रिया (अर्द्धांगिनी) हैं।

**दो0-सुनि नारद के बचन तब सब कर मिटा बिषाद।**
**छन महुँ ब्यापेउ सकल पुर घर घर यह संबाद॥**

तब नारद के वचन सुनकर सबका विषाद मिट गया और क्षणभर में यह समाचार सारे नगर में घर-घर फैल गया॥

**तब मयना हिमवंतु अनंदे। पुनि पुनि पारबती पद बंदे॥**
**नारि पुरुष सिसु जुबा सयाने। नगर लोग सब अति हरषाने॥**

तब मैना और हिमवान आनंद में मग्न हो गए और उन्होंने बार-बार पार्वती के चरणों की वंदना की। स्त्री, पुरुष, बालक, युवा और वृद्ध नगर के सभी लोग बहुत प्रसन्न हुए॥

(क्रमशः..)

# अमित शाह की रणनीति से नक्सलवाद पर लगाम

> **नक्सलवाद के लिए सबसे महत्वपूर्ण कारण नक्सल प्रभावित इलाकों में बुनियादी ढांचे की कमी को माना जाता रहा है। नक्सलवाद का समूल नाश करने के लिए मौजूदा केंद्र सरकार ने सबसे पहले इसी समस्या को खत्म करने पर जोर दिया।**

बीते वक्त में क्या खोया और क्या पाया, हर नए साल के साथ इसके मूल्यांकन की परंपरा है। इस लिहाज से अगर बीते हुए यानी साल 2024 का मूल्यांकन करेंगे तो कई बिंदुओं पर हमें निराशा हाथ लगेगी तो कई उपलब्धियों और कामयाबियों का भी जिक्र होगा। लाल आतंक के रूप में विख्यात नक्सलवाद पर नकेल बीते हुए साल की उपलब्धि कही जा सकती है। इसका श्रेय निश्चित तौर पर गृहमंत्री अमित शाह को जाता है, लेकिन इसमें भूमिका राज्यों की भी कम नहीं रही है।

बीते साल सुरक्षा बलों की कार्रवाई में भारी संख्या में नक्सली या तो मारे गए हैं या फिर गिरफ्तार किए गए हैं। इसके साथ ही कई नक्सलियों ने समर्पण करके मुख्यधारा की जिंदगी को अपनाया है। नक्सली आतंक पर कामयाबी के पीछे रही तीन-स्तरीय रणनीति, जिसके तहत सबसे पहले नक्सलियों पर समर्पण का दबाव बनाया गया। अगर इसके बावजूद नक्सली नहीं मानता तो उसकी पहले गिरफ्तारी के लिए रणनीति बनाई गई। इसके बावजूद अगर नक्सलवादी नहीं माने तो उनके खिलाफ निर्णायक मुठभेड़ की तैयारी की गई। इसी का असर रहा कि बीते साल अकेले छत्तीसगढ़ राज्य मे ही करीब एक हजा से ज्यादा नक्सलियों ने या तो आत्मसमर्पण किया या फिर उनकी गिरफ्तारी की गई है, जबकि करीब 287 नक्सली मारे गए। इनमें झारखंड में मारे गए नक्सलियों की संख्या सिर्फ नौ रही, जबकि सबसे ज्यादा नक्सली छत्तीसगढ़ में मारे गए। झारखंड में इसी तरह एक सैक मेम्बर, दो जोनल कमांडर, छह सब जोनल कमांडर और छह एरिया कमांडर गिरफ्तार किए गए। इन सभी नक्सलियों पर 36 लाख का इनाम घोषित था। छत्तीसगढ़ की कमर सबसे ज्यादा उस छत्तीसगढ़ में टूटती नजर आ रही है, जहां नक्सलियों कभी कांग्रेस के तकरीबन समूचे राज्य नेतृत्व को खत्म कर दिया था। छत्तीसगढ़ में करीब 867 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है।




नक्सलवाद के लिए सबसे महत्वपूर्ण कारण नक्सल प्रभावित इलाकों में बुनियादी ढांचे की कमी को माना जाता रहा है। नक्सलवाद का समूल नाश करने के लिए मौजूदा केंद्र सरकार ने सबसे पहले इसी समस्या को खत्म करने पर जोर दिया। इसके तहत केंद्र सरकार ने विकास और बुनियादी ढांचे पर विशेष ध्यान केंद्रित किया । बस्तर समेत तमाम नक्सल प्रभावित क्षेत्रों के हजारों गांवों को सड़क, बिजली और पानी जैसी बुनियादी सुविधाओं से जोड़ा गया। इन गांवों में बुनियादी सहूलियतों को बहाल किया गया। इसकी वजह से इन इलाकों के स्थानीय निवासियों की जिंदगी की कठिनाइयां कम हुईं। इसकी वजह से उन्होंने विकास की धारा को अपनी आंख से देखा और भारतीय राष्ट्र राज्य के बारे में उनकी धारणा बदली। इस धारणा को बदलने के बाद सुरक्षा बलों के लिए नक्सलियों को रोकने के लक्ष्य में बड़ी सफलता मिली। नक्सलियों को लोक समर्थन कम हुआ।

इसके साथ ही सरकार ने आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों को मुख्यधारा में शामिल करने के लिए आर्थिक सहायता और पुनर्वास योजनाओं की शुरुआत की। इसके तहत 15,000 आवास बनाने का फैसला लिया गया, साथ ही नक्सल प्रभावित इलाकों में रोजगार को लेकर विशेष योजनाएं चलाई गईं। इससे न केवल हिंसा में कमी आई , बल्कि स्थानीय लोगों की जिंदगी की दुश्वारियां कम हुईं। इसकी वजह से उन लोगों का मन बदला, जो माओवाद की राह पर नक्सलवादी वैचारिक बहकावे में चल पड़े थे। बुनियादी ढांचा सुधारने, रोजगार की स्थितियां बेहतर बनाने और विकास की धारा को बहाने के बावजूद लंबे समय से नक्सल प्रभावित रहे लोगों के लिए मुख्यधारा में लौटना या मुख्यधारा के प्रति भरोसा बनाना बिना सुरक्षा सुनिश्चित किए संभव नहीं था। सरकार ने इस मोर्चे पर भी काम किया और सुरक्षा बलों की प्रभावी उपस्थिति हर संभव स्तर पर की।

नक्सल प्रभावित इलाकों में स्वास्थ्य और शिक्षा सहूलियत को बढ़ावा देने के लिए युद्धस्तर पर कार्यक्रम चलाए गए। पहले इन इलाकों के लिए स्कूल और अस्पताल सपना थे, लेकिन अब हालात बदल रहे है। इसके साथ ही, एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों की स्थापना भी की गई है। जहां आदिवासी बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दी जा रही है। इससे भी नक्सल प्रभावित इलाकों के लोगों का मन बदला है। स्थानीय समुदायों का सहयोग इस अभियान की सफलता का एक महत्वपूर्ण पहलू रहा है। अमित शाह ने प्रभावित क्षेत्रों में जनता से सीधे संवाद स्थापित किया है। ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया गया है, जिससे उनका जीवन स्तर बेहतर हुआ है। स्थानीय सुरक्षा बलों को मजबूत करते हुए उनकी मदद से नक्सलवाद को कमजोर किया गया है। इन प्रयासों ने न केवल जनता का विश्वास जीता है, बल्कि नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में शांति और स्थिरता लाने में भी मदद की है।

इस बीच नक्सलियों पर गहन निगाह रखने के लिए जहां खुफिया तंत्र को मजबूत बनाया गया, वहीं उनकी निगाहबानी के लिए तकनीक का भी खूब सहारा लिया जा रहा है।

ड्रोन जैसी तमाम तकनीकों के जरिए जहां माओवादियों की गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है, वहीं सटीक सूचनाओं के चलते उनके खिलाफ प्रभावी कार्रवाई करने में भी आसानी हुई है। इसके साथ ही नक्सलियों के लिए की जा रही परोक्ष और अप्रत्यक्ष फंडिंग पर नकेल कसी गई है। हालांकि सरकार के इस कदम को लेकर राष्ट्रीय ही नहीं, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आलोचना झेलनी पड़ी है। लेकिन केंद्र सरकार ने अपना रूख नहीं बदला। इससे नक्सलियों की आर्थिक रीढ़ कमजोर हुई है।

गृहमंत्री अमित शाह ने 31 मार्च 2026 तक देश को नक्सलवाद से मुक्त करने का लक्ष्य रखा है। नक्सलवाद पर नकेल कितना कारगर रहा है, इसका ही असर है कि देश के अब सिर्फ 38 जिले ही नक्सल प्रभावित माने जा रहे हैं, जबकि पहले ऐसे जिलों की संख्या 120 से अधिक थी। नक्सलवाद से जुड़े सिमटते आंकड़े ही बता रहे हैं कि केंद्र सरकार की नक्सलविरोधी रणनीति की दिशा सही है।

सरकार ने आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों के पुनर्वास के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 15,000 से अधिक आवास बनाए जा रहे हैं। जिनमें विस्थापित परिवारों को रहने की सुविधा दी जा रही है।

नक्सलवाद से विस्थापित परिवारों के लिए राहत शिविर भी बनाए गए हैं। समर्पण कर चुके नक्सलियों और नक्सल प्रभावित इलाके के के लोगों को रोजगार दिलाने के लिए कौशल विकास केंद्रों की स्थापना की गई है, जहां आत्मसमर्पण करने चुके नक्सलियों को उनकी रूचि वाले कारोबार और व्यवसाय के प्रशिक्षित किया जाता है। साथ ही रोजगार मेले भी आयोजित किए जाते रहे। जिनके जरिए सरकारी और निजी, दोनों ही क्षेत्रों में रोजगार मुहैया कराया जा रहा है। आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों को आर्थिक सहायता के साथ ही बैंकों से कर्ज भी आसान दर पर दिलवाया जा रहा है। केंद्र सरकार की इन योजनाओं को लागू करने में सरकार ने श्रीलंका और कोलंबिया जैसे देशों में अपनाई गई पुनर्वास नीतियों का भी असर है। दरअसल वहां की योजनाओं के अध्ययन के बाद उन्हें भारतीय संदर्भ में तैयार किया गया है। अब तक आदिवासियों से केंद्रीय नेतृत्व बात करने से बचता रहा है। लेकिन अमित शाह ने नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में स्थानीय समुदायों के साथ संवाद स्थापित करने पर जोर दिया है। इसकी शुरूआत उन्होंने छत्तीसगढ़ में महुआ के पेड़ के नीचे चौपाल लगाकर की, जहां उन्होंने खुद ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं और उन्हें सरकारी योजनाओं के प्रति जागरूक किया।

**-उमेश चतुर्वेदी**
**( लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं स्तम्भकार हैं )**

## केंद्र सरकार की नई पहल और योजनाएं

पूरी दुनिया के साथ-साथ वर्ष 2024 भारत के लिए भी बेहद खास रहा। देश में ऐसे कई महत्वपूर्ण राजनीतिक घटनाक्रम हुए, जिसने एक देश के रूप में भारत को पहले से कहीं ज्यादा मजबूत किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में चाहे वो अर्थव्यवस्था, सामाजिक कल्याण और देश के बुनियादी ढांचे का विकास हो या फिर राष्ट्रीय सुरक्षा क्षेत्रों में नीतियों और पहलों का निर्धारण। भारत की तरफ से दुनिया को यही संदेश दिया गया कि अब न केवल देश विश्व गुरु बनने की ओर अग्रसर है, बल्कि मजबूत हाथों में भी है। हम आपको उन महत्वपूर्ण योजनाओं के बारे में बताने जा रहे हैं जिनकी वर्ष 2024 के दौरान एनडीए सरकार ने घोषणाएं कीं। आपको उन योजनाओं के बारे में भी बताएंगे जिनका विस्तार किया गया है। आपको उन नए कानूनों और विधेयकों के बारे में भी बताएंगे जिनका भारत की आम जनता के जीवन में सीधा सरोकार है। तीन नए आपराधिक कानून – 25 दिसंबर 2023 को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 और भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 को मंजूरी दी। ये नए आपराधिक कानून 1 जुलाई 2024 को लागू हुए और पहले के आपराधिक कानूनों- भारतीय दंड संहिता, दंड प्रक्रिया संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम की जगह ले ली। पीएम-सूर्य घर – मुफ्त बिजली योजना की शुरुआत – भारत सरकार ने 29 फरवरी 2024 को इस योजना को मंजूरी दी ताकि छत पर सौर ऊर्जा संयंत्रों के जरिए आवासीय घरों में बिजली पैदा करने के लिए सौर ऊर्जा क्षमता को बढ़ाया जा सके। प्रधानमंत्री ने 13 फरवरी 2024 को इस योजना की शुरुआत की।

इस योजना पर 75021 करोड़ रुपए का व्यय किया गया है और इसे वित्तीय वर्ष 2026-27 तक लागू किया जाना है। प्रधानमंत्री आवास योजना का विस्तार – केंद्र सरकार ने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत तीन करोड़ अतिरिक्त ग्रामीण और शहरी परिवारों के लिए घरों के निर्माण में सहायता करने का फैसला लिया है। यह निर्णय 10 जून 2024 को कैबिनेट की बैठक के दौरान लिया गया। 1 करोड़ युवाओं का कौशल विकास – वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत केंद्रीय बजट 2024 में 500 शीर्ष भारतीय कंपनियों के लिए एक नई इंटर्नशिप योजना की घोषणा की गई जिसके तहत पांच वर्षों में 1 करोड़ युवाओं को कौशल प्रदान किया जाएगा। यह घोषणा 21-24 वर्ष की आयु के ऐसे व्यक्तियों को लक्षित करती है जो न तो नौकरीपेशा हैं और न ही पूर्णकालिक शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। सरकार इस कार्यक्रम को सब्सिडी देगी, जिससे अधिकांश लागतें कवर होंगी, संगठनों को अपने सीएसआर फंड से योगदान करना होगा। अंतरिक्ष क्षेत्र पर एफडीआई नीति में संशोधन – कैबिनेट ने 21 फरवरी 2024 को अंतरिक्ष क्षेत्र पर एफडीआई नीति में संशोधन को मंजूरी दी। सुधारों का उद्देश्य अंतरिक्ष क्षेत्र में एफडीआई नीति प्रावधानों को उदार बनाना है। पेंशन नीति में सुधार – केंद्र सरकार ने अटल बिहारी वाजपेयी सरकार द्वारा साहसपूर्वक

> **प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महाराष्ट्र में वधावन बंदरगाह परियोजना की आधारशिला रखी जो भारत के सबसे बड़े गहरे पानी के बंदरगाहों में से एक बनने वाला है। 76220 करोड़ रुपए की लागत वाले इस बंदरगाह का उद्देश्य भारत की समुद्री अवसंरचना को बढ़ावा देना है।**

लाए गए भारत की सिविल सेवा पेंशन प्रणाली के 21 साल पुराने सुधार को उलट दिया। एक नई एकीकृत पेंशन योजना (यूपीएस) का अनावरण किया जो पुरानी पेंशन योजना के समान है और सरकारी कर्मचारियों को आजीवन मासिक लाभ के रूप में उनके अंतिम आहरित वेतन का 50 प्रतिशत देने का आश्वासन देती है। विज्ञान धारा योजना – केंद्र ने विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग के तहत एक एकीकृत केंद्रीय क्षेत्र योजना को मंजूरी दी। आरयू-476 योजना तीन प्रमुख अम्ब्रेला योजनाओं को एक में समेकित करती है। नई बायो ई-3 नीति का अनावरण – प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली कैबिनेट ने जैव प्रौद्योगिकी विभाग के उच्च प्रदर्शन वाले बायोमैन्युफैक्चरिंग को बढ़ावा देने के लिए बायो ई-3 (इकनॉमी, एनवायरनमेंट और एंप्लॉयमेंट के लिए जैव प्रौद्योगिकी) नीति के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। इसकी मुख्य विशेषताओं में विषयगत क्षेत्रों में अनुसंधान एवं विकास और उद्यमिता को नवाचार-संचालित समर्थन शामिल है। कृषि अवसंरचना को बढ़ावा – कृषि अवसंरचना कोष (एआईएफ) को कैबिनेट की मंजूरी मिल गई है। इस पहल का उद्देश्य कृषि अवसंरचना को मजबूत करना, व्यवहार्य सामुदायिक कृषि परिसंपत्तियों का समर्थन करना, एकीकृत प्रसंस्करण परियोजनाओं को शामिल करना, पीएम-कुसुम घटक-ए के साथ संरेखित करना और एनएबी संरक्षण ट्रस्टी कंपनी प्राइवेट लिमिटेड के माध्यम से एफपीओ के लिए ऋण गारंटी का विस्तार करना है। मेगा वधावन बंदरगाह परियोजना – प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महाराष्ट्र में वधावन बंदरगाह परियोजना की आधारशिला रखी जो भारत के सबसे बड़े गहरे पानी के बंदरगाहों में से एक बनने वाला है।

76220 करोड़ रुपए की लागत वाले इस बंदरगाह का उद्देश्य भारत की समुद्री अवसंरचना को बढ़ावा देना है। भारत की रक्षा क्षमताओं को बढ़ाना – भारत की दूसरी अरिहंत श्रेणी की पनडुब्बी, आईएनएस अरिघाट को 29 अगस्त 2024 को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की उपस्थिति में विशाखापत्तनम में भारतीय नौसेना में शामिल किया गया। वरिष्ठ नागरिकों के लिए स्वास्थ्य कवर का विस्तार – मंत्रिमंडल ने आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत आय की परवाह किए बिना 70 वर्ष और उससे अधिक आयु के सभी वरिष्ठ नागरिकों के लिए स्वास्थ्य कवर को मंजूरी दी। इस निर्णय से लगभग 6 करोड़ वरिष्ठ नागरिकों को लाभ मिलने की संभावना है। भारत के शुक्र मिशन को मंजूरी – कैबिनेट ने 18 सितंबर 2024 को शुक्र ऑर्बिटर मिशन के विकास को मंजूरी दी। वन नेशन वन सब्सक्रिप्शन – कैबिनेट ने 20 नवंबर 2024 को वन नेशन वन सब्सक्रिप्शन को मंजूरी दी जो विद्वानों के शोध लेखों और जर्नल प्रकाशनों तक देशभर में पहुंच प्रदान करने की योजना है। इनके अलावा वन नेशन वन इलेक्शन, बीमा सखी योजना, प्रधानमंत्री जनजातीय उन्नत ग्राम अभियान जैसी योजनाएं भी देश के विविध वर्गों के विकास के लिए लागू की गई हैं। इन योजनाओं पर अमल को सुनिश्चित बनाया जा रहा है।

**-पवन कुमार शर्मा**
**स्वतंत्र लेखक**

## राशिफल

**पौष शुक्ल पक्ष तृतीया** | **(विक्रम संवत् 2081)**

**मेष- (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)**
व्यापारिक स्थिति सुदृढ़ होगी। कोर्ट-कचहरी में विजय मिलेगी। स्वास्थ्य मध्यम।

**वृष- (ई, उ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे , वो)**
स्वास्थ्य नरम-गरम है। प्रेम, संतान का भरपूर सहयोग मिलेगा। व्यापार भी बहुत अच्छा रहेगा।

**मिथुन- (का, की, कु, घ, ड , छ, के, हो, हा)**
चोट-चपेट लग सकती है। किसी परेशानी में पड़ सकते हैं। परिस्थितियां प्रतिकूल हैं। स्वास्थ्य मध्यम।

**कर्क- (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डा)**
नौकरी-चाकरी की स्थिति बहुत अच्छी है। स्वास्थ्य भी बहुत अच्छा है। बाकी प्रेम,संतान थोड़ा मध्यम है।

**सिंह- (मा, मी, मु, मे, मो, टा, टी, टु, टे)**
शत्रुओं पर हावी रहेंगे। गुण ज्ञान की प्राप्ति होगी। बुजुर्गों का आर्शीवाद रहेगा। स्वास्थ्य मध्यम।

**कन्या- (टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो)**
भावुक मन से लिया गया निर्णय नुकसान करेगा। महत्वपूर्ण निर्णय अभी रोक के रखें। स्वास्थ्य ठीक-ठाक।

**तुला- (रा, री, रु, रे, रो, ता, ती, तू, त)**
भूमि, भवन, वाहन की खरीदारी के प्रबल योग बनेंगे। स्वास्थ्य ठीक है। प्रेम, संतान का साथ है।

**वृश्चिक- (तो, ना, नी, नु, ने, नो, या, यी, यू)**
पराक्रम रंग लाएगा। रोजी-रोजगार में तरक्की करेंगे। स्वास्थ्य मध्यम। प्रेम, संतान मध्यम। व्यापार बहुत अच्छा।

**धनु- (ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ठा, भे)**
भाग्यवान बने रहेंगे। स्वास्थ्य थोड़ा मध्यम है। प्रेम, संतान भी मध्यम है, लेकिन व्यापार अच्छा है।

**मकर- (भो,जा,जी,जू,जे,जो,खा,खी,खू,खे,गा,गी)**
सितारों की तरह चमकेंगे। जिस चीज की जरुरत है उसकी उपलब्धता होगी। सरकारी तंत्र से पंगेबाजी मत करिएगा।

**कुम्भ- (गू, गे, गो, सा, सी, सु, से, षो, द)**
खर्च की अधिकता मन को परेशान करेगी। स्वास्थ्य थोड़ा मध्यम रहेगा। प्रेम, संतान अच्छा है।

**मीन- (दी, दु, झ, ध, दे, दो, च, चा, चि)**
रुका हुआ धन वापस मिलेगा। आय के नवीन स्तोत्र बनेंगे। शुभ समाचार की प्राप्ति होगी।

## विद्युत निगम के दो जेई की जुगलबंदी बनी चर्चा का विषय

**नोएडा ( चेतना मंच )।** सेक्टर-83 एवं सेक्टर-84 में स्थानीय जेई की मिलीभगत से सेक्टरों की फैक्ट्रियों में अवैध रूप से बिजली चोरी का गोरखधंधा चल रहा है। बताया जाता है कि सेक्टर-83 बिजली घर पर तैनात जेई एवं सेक्टर-84 बिजली घर पर तैनात जेई ने अपने गुर्गों के साथ मिलकर लाखों रुपए की बिजली चोरी का गोरखधंधा कर रहे हैं। लेकिन मजे की बाते है कि डिवीजन-2 के अधिशासी अभियंता इस गोरखधंधे पर पूरी तरह से मौन है।

एक तरफ जहां प्रदेश सरकार विद्युत निगम को कंगाली से उबारने के अभियान में जुटी है। वहीं निगम में तैनात दोनों जेई की जुगलबंदी इन दिनों विद्युत निगम में चर्चा का विषय बना हुआ है। सेक्टर-84 में तैनात जेई हरेंद्र एवं सेक्टर-83 बिजली घर पर तैनात जेई अनिल यादव का खेल जारी है। इस खेल में जहां विद्युत निगम को लाखों रुपए का घाटा उठाना पड़ रहा है। वहीं स्थानीय जेई एवं अन्य कर्मचारी बिजली चोरी से मालामाल हो रहे हैं। इस मामले की जांच की जाए तो इसमें कई अधिकारियों की पोल खुल सकती है।

## महिलाओं के उत्थान के लिए हुआ कामायनी फाउंडेशन का शुभारंभ



**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** वर्तमान दृष्टिकोण में ग्रामीण महिलाओं की स्थिति इतनी अच्छी नहीं है। ऐसे में संस्थापक प्रवीण कुमार मनोज कुमार ने कामायनी फाउंडेशन की स्थापना नए साल पर की। उन्होंने बताया कि संस्था का मुख्य उद्देश्य जरूरतमंद लड़कियों और महिलाओं के उत्थान के लिए काम करना और उन्हें शिक्षा, रोजगार और सामाजिक समर्थन प्रदान करना। जरूरतमंद लड़कियों की शादी के लिए आर्थिक सहायता प्रदान करना। महिलाओं के अधिकारों के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए कार्यक्रम आयोजित करना है। कामायनी फाउंडेशन के कार्यालय का उद्घाटन नरेंद्र सिंह भाटी सदस्य विधान परिषद गौतमबुद्धनगर ने किया। उद्घाटन के दौरान संजय चेयरमैन बिलासपुर भाजपा एवं अन्य भाजपा के पदाधिकारी मौजूद रहे।

## नैनो यूरिया प्लस की 99.9 प्रतिशत उपयोगिता फसलों द्वारा अवशोषित : डॉ. अवस्थी

**प्रयागराज ( फूलपुर )।** इफको परिसर में नव वर्ष का स्वागत हर्षोल्लास के साथ किया गया। इस अवसर पर इफको ऑफिसर्स एसोसिएशन, इफको इम्पलाइज संघ एवं इफको रिक्रिएशन क्लब द्वारा नव वर्ष उत्सव और भोज का आयोजन किया गया।

इफको के प्रबंध निदेशक डॉ. उदयशंकर अवस्थी ने वर्चुअल माध्यम से अधिकारियों और कर्मचारियों को संबोधित किया। उन्होंने बताया कि अंतरराष्ट्रीय सहकारी गठबंधन (आईसीए) के 130 वर्षों के इतिहास में पहली बार यह आयोजन भारत में हुआ, जिसकी मेजबानी इफको ने की।

डॉ. अवस्थी ने बताया कि पिछले वर्ष नमो ड्रोन दीदी कार्यक्रम के तहत 300 महिलाओं को ड्रोन प्रशिक्षण दिया गया। इसके अलावा 1764 से अधिक ग्रामीण ड्रोन उद्यमियों को प्रशिक्षित किया गया। इफको ने वर्ष 2024 के दौरान नैनो यूरिया (तरल) और नैनो डीएपी (तरल) की 2.55 करोड़ से अधिक बोतलों की बिक्री की, जो पिछले वर्ष की तुलना में 28 प्रतिशत अधिक रही। साथ ही, 236000 से अधिक बोतलों का निर्यात किया गया, जो पिछले वर्ष की तुलना में 201 प्रतिशत अधिक है।

डॉ. अवस्थी ने घोषणा की कि इफको जल्द ही मिट्टी में प्रयुक्त होने वाला दानेदार नैनो एनपीके उर्वरक लॉन्च करेगा। उन्होंने कहा कि नैनो उर्वरक कृषि क्षेत्र में क्रांति लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।



आईसीए सम्मेलन 2024 के दौरान इफको को रोशडेल पायनियर्स अवॉर्ड और डॉ. अवस्थी को सहकार भारती द्वारा 'फर्टिलाइजर मैन ऑफ इंडिया' का सम्मान दिया गया। उन्होंने यह पुरस्कार इफको के सभी साथियों को समर्पित करते हुए किसानों के हित में निरंतर काम करने का संकल्प दोहराया।

इफको के वरिष्ठ कार्यकारी निदेशक (इकाई प्रमुख) संजय कुदेशिया ने सभी को नव वर्ष की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर महाप्रबंधक ए.पी. राजेन्द्रन, संजय भंडारी, पी.के. सिंह, संयुक्त महाप्रबंधक डॉ. अनीता मिश्रा, पी.के. पटेल, रत्नेश कुमार, अरूण कुमार, अरवेंद्र कुमार, एस.के. सिंह, ए.के. गुप्ता, पी.के. वर्मा, मानव संसाधन विभागाध्यक्ष शम्भू शेखर, इफको ऑफिसर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष अनुराग तिवारी व महामंत्री स्वयं प्रकाश, इफको इम्पलाइज संघ के अध्यक्ष पंकज पांडेय व महामंत्री विजय कुमार यादव, और इफको रिक्रिएशन क्लब के सचिव डी.के. शुक्ला सहित कई अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## 'टीबी मुक्त उत्तर प्रदेश' के लिए आगे आए सेवानिवृत्त अधिकारी और शिक्षाविद

**लखनऊ ( एजेंसी )।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'टीबी मुक्त उत्तर प्रदेश' के संकल्प को साकार करने की दिशा में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अब एक अभिनव पहल की है। मुख्यमंत्री ने सेवानिवृत्त हो चुके आईएएस, आईपीएस, पूर्व कुलपतिगणों और शिक्षाविदों व अन्य वरिष्ठ नागरिकों को 'निक्षय मित्र' की बड़ी जिम्मेदारी दी है। निक्षय मित्र के रूप में यह वरिष्ठ नागरिक टीबी उन्मूलन के प्रयासों में जनजागरूकता बढ़ाने के लिए सहयोग करेंगे। गुरुवार को मुख्यमंत्री ने इस संबंध में सभी के साथ बैठक की और टीबी मुक्त उत्तर प्रदेश अभियान को सफल बनाने के लिए सहयोग का आह्वान किया।



विशेष बैठक में मुख्यमंत्री ने सेवानिवृत्त आईएएस, आईपीएस और पूर्व कुलपतिगणों का स्वागत करते हुए उन्हें प्रधानमंत्री मोदी के टीबी मुक्त भारत के संकल्प के बारे में जानकारी दी। उन्होंने स्वस्थ भारत से ही समर्थ भारत का निर्माण संभव है और जब भारत समर्थ होगा तभी शक्तिशाली होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि विश्व स्वास्थ्य संगठन ने वर्ष 2030 तक विश्व को टीबी मुक्त बनाने का लक्ष्य रखा था, जिसे मिशन मोड में लेते हुए प्रधानमंत्री जी ने भारत के लिए वर्ष 2025 तक का लक्ष्य रखा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि विश्व में सबसे अधिक टीबी रोगी भारत मे हैं और भारत को टीबी मुक्त करने के लिए सबसे बड़ी आबादी के राय उत्तर प्रदेश में टीबी उन्मूलन अनिवार्य है। मुख्यमंत्री ने टीबी उन्मूलन की दिशा में पिछले कुछ वर्षों में उत्तर प्रदेश में हुए प्रयासों की भी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि आज उत्तर प्रदेश में टीबी रोगियों की जांच पहले के मुकाबले चार गुना हो गयी है। नैट एवं एक्सरे मशीनों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। प्रदेश में टीबी उपचार की सफलता दर पिछले चार वर्षों में 79 प्रतिशत से बढ़कर 92 प्रतिशत हो गयी है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि निक्षय पोषण योजनान्तर्गत डीबीटी के माध्यम से लगभग 27 लाख टीबी रोगियों के खाते में 775 करोड़ रुपये की धनराशि का भुगतान हो चुका है। इसी तरह, फेफड़े के टीबी रोगियों के साथ रहने वालों को टीबी रोग न हो।

## होटल शरणजीत में चार बहनों और मां की हत्या के आरोपी अरशद को जेल भेजा, पिता बदर की तलाश जारी

**लखनऊ( एजेंसी )।** लखनऊ के नाका के होटल शरणजीत में चार बहनों और मां की हत्या के आरोपी आगरा निवासी अरशद को पुलिस ने जेल भेज दिया। पुलिस अरशद को कस्टडी रिमांड पर लेगी। अब तक की पूछताछ में आरोपी ने हत्या का कारण नहीं बताया है। अरशद लगातार पुलिस को गुमराह करता रहा। उधर, उसके पिता बदर का कुछ सुराग नहीं लग सका है।

पुलिस की चार टीमें बदर की तलाश में दबिश दे रही हैं। चारबाग स्टेशन पर लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से यह पता लगाया जा रहा है कि बदर किस ट्रेन से निकला था। इससे उसकी लोकेशन की जानकारी मिल जाएगी। आरोपी अपने साथ मोबाइल फोन लेकर नहीं गया है, जिससे पुलिस को उसको ट्रेस करने में दिक्कत आ रही है।

पुलिस अरशद और बदर के रिश्तेदारों के बारे में भी जानकारी कर रही है ताकि उनसे भी पूछताछ की जा सके। बदायूं पुलिस से भी इस संबंध में संपर्क किया गया है। उधर, डॉक्टरों के पैनल से बृहस्पतिवार को पांचों शवों का पोस्टमार्टम किया जाएगा। इस दौरान वीडियोग्राफी भी कराई जाएगी।

पुलिस अरशद का फोन खंगाल रही है। आखिरी बार उसने किससे बात की थी, इसके बारे में भी पता लगाया जा रहा है। बदर के पकड़े जाने के बाद ही पूरा मामला स्पष्ट होगा।

## ट्रक ने 12 वर्षीय बच्चे को कुचला, उपचार के दौरान मौत

**नोएडा( चेतना मंच )।** सेक्टर-14ए स्थित जेजे कॉलोनी में रहने वाले 12 वर्षीय बच्चे की आज शनि मंदिर के निकट ट्रक के नीचे आने से मौत हो गई। हादसे के बाद चालक ट्रक को मौके पर छोड़कर भाग गया। थाना फेज-वन पुलिस ने पिता की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने ट्रक के चालक को गिरफ्तार कर लिया है।

जेजे कॉलोनी में रहने वाले कैलाश का 12 वर्षीय पुत्र जीतू आज घर से साइकिल लेकर घूमने निकला था। पुलिस के मुताबिक, जीतू साइकिल चलानी सीख रहा था। इसी बीच शनि मंदिर के निकट एक ट्रक आया। जीतू साइकिल लेकर ट्रक के बराबर से निकला और अनियंत्रित होकर पिछले हिस्से से टकराकर नीचे गिर गया। चालक को इसकी भनक नहीं लगी। ट्रक का पिछला पहिया जीतू के ऊपर से गुजर गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया।

वहां से गुजर रहे लोगों ने शोर मचाया, तो ट्रक चालक मौके पर ट्रक छोड़कर भाग गया। स्थानीय लोगों की मदद से परिजन घायल बच्चे को लेकर जिला अस्पताल पहुंचे, जहां से उसे सफदरजंग अस्पताल रेफर कर दिया गया। वहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। एडीसीपी मनीष कुमार मिश्र ने बताया कि ट्रक को कब्जे में लेकर मृतक के पिता कैलाश की शिकायत पर ट्रक चालक के खिलाफ लापरवाही से वाहन चलाने के आरोप में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। जांच में पता चला कि ट्रक सुभाष नामक कारोबारी का है, जिसे बिहार के पटना जिले के गांव दरियापुर निवासी पप्पू यादव चला रहा था। पप्पू वर्तमान में दिल्ली के दल्लूपुरा में रहता है।

## पृष्ठ एक के शेष....

**बार-बार चालान...**

छह से 10 जनवरी तक सड़क सुरक्षा जागरुकता कार्यक्रम चलाने का आदेश दिया है। इसके साथ ही ध्वनि प्रदूषण पर रोक लगाने के लिए मोटरसाइकिलों में से ऊंची आवाज करने वाले मोडिफाई साइलेंसर व हॉर्न हटाए जाएं।

सीएम योगी ने नाबालिगों द्वारा ई-रिक्शा चलाने को लेकर मिल रही शिकायतों को लेकर भी अधिकारियों को कड़ा एक्शन लेने का आदेश दिया है। उन्होंने नाबालिगों द्वारा ई-रिक्शा चलाए जाने पर सख्ती से रोक लगाने के निर्देश दिए। इसके अलावा गाड़ी में सीट बैल्ट और दो पहिया वाहनों पर हेलमेट ना लगाने को लेकर भी कड़ी कार्रवाई करने को कहा गया है।

सीएम योगी ने निर्देश दिए कि जिलों में उन स्थानों को चिन्हित कर लें, जहां सड़क हादसे ज्यादा होते हैं। हादसों की वजह पता करें और उसे दूर करने की कार्ययोजना बनाएं। सीएम ने ओवरलोडिंग पर नाराजगी जताई। उन्होंने निर्देश दिए कि ओवरलोडिंग कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सीएम योगी ने निर्देश दिए कि स्कूलों में रोड सेफ्टी क्लब की तरह हर जिले में रोड सेफ्टी पार्क बनाए जाएं। बसों की फिटनेस का भी ध्यान रखा जाए।

दैनिक चेतना मंच
भगवान हनुमान बजरंग बली के अवतार श्री बालाजी ( मेंहदीपुर ) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में समर्पित है।
डाक पंजी. सं. L-10/GBD-574/99
RNI No. 69950/98
स्वामी मुद्रक प्रकाशक रामपाल सिंह रघुवंशी ने बीएफएल इन्फोटेक लि. सी-9, सेक्टर-3, नोएडा, गौतमबुद्धनगर ( यू पी. ) से छपवाकर, ए-131 सेक्टर-83, नोएडा से प्रकाशित किया।
संपादक-रामपाल सिंह रघुवंशी
Contact:
0120-2518100, 4576372, 2518200
Mo.: 9811735566, 8750322340
E-mail:
chetnamanch.pr@gmail.com
raghuvanshirampal365@gmail.com
raghuvanshi_rampal@yahoo.co.in
www.chetnamanch.com

**दिल्ली-एनसीआर में...**

का अनुमान लगाया है। इसके अलावा, वायु गुणवत्ता और मौसम पूर्वानुमान और अनुसंधान प्रणाली (सफर) के आंकड़ों के अनुसार, आज सुबह 8 बजे राष्ट्रीय राजधानी में वायु गुणवत्ता सूचकांक 278 दर्ज किया गया, जिसे 'खराब' श्रेणी में रखा गया।

बुधवार को आईएमडी ने आज से सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ का भी पूर्वानुमान लगाया है, जिससे अगले 3-5 दिनों में पूर्वी, मध्य और उत्तरी भारत में तापमान बढ़ने की उम्मीद है। हालांकि, विक्षोभ के कारण पश्चिमी हिमालयी क्षेत्र में भारी बारिश और बर्फबारी होने की संभावना है।

आईएमडी वैज्ञानिक ने बताया कि हम एक पश्चिमी विक्षोभ का पूर्वानुमान लगा रहे हैं जो कल से सक्रिय हो सकता है। इसके साथ ही, एक और पश्चिमी विक्षोभ की संभावना है। अगले 3-5 दिनों में पूर्वी, मध्य और उत्तर भारत में तापमान बढ़ सकता है। इसके अलावा, राष्ट्रीय राजधानी के साथ-साथ देश भर के कई प्रमुख शहरों में कोहरे की एक मोटी परत छाई हुई है।

आईएमडी के अनुसार, गुरुवार को दिल्ली के हवाई अड्डों पर दृश्यता शून्य मीटर दर्ज की गई। ग्वालियर, आगरा, अमृतसर और पठानकोट में भी ऐसी ही स्थिति देखी गई, क्योंकि देश भर के प्रमुख क्षेत्रों में कोहरे की घनी परत छाई रही। आईएमडी ने उत्तर-पश्चिम, मध्य, पूर्व और पूर्वोत्तर भारत में कोहरे और कम बादलों की मौजूदगी की भी सूचना दी, जबकि तटीय आंध्र प्रदेश में आज कुछ स्थानों पर कोहरा छाया रहा।

**घर में घुसे चोरों कों....**

वापस लौटा तो उसे कमरे पर लगा हुआ ताला टूटा हुआ मिला। अंदर देखने पर कमरे में दो युवक घुसे हुए दिखाई दिए।

अवनीश कुमार ने बताया कि दोनों युवकों को देखकर उसने शोर मचा दिया, जिस पर आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए और घर में घुसे चोरों को दबोच लिया। पकड़े गए चोरों ने अपने नाम हिमांशु पुत्र महेश और गौरव पुत्र संजय निवासी गौतमपुरी, दादरी बताया। इनके पास से घर से चोरी किए गए चांदी के बिछुए, चांदी का लॉकेट व पैसे बरामद हुए। दोनों चोरों को थाना सूरजपुर पुलिस के हवाले कर दिया गया है।

थाना प्रभारी ने बताया कि अवनीश कुमार की शिकायत पर दोनों चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और इनसे पूछताछ की जा रही है।

**हर किसान एक गाय...**

को एक गाय जरूर पालना चाहिए। उन्होंने कहा कि गौपालन से किसानों की आय तो बढ़ेगी ही साथ ही पीढ़ियां सुधर जाएंगी।

इसलिए गौ पालन को बढ़ावा देना जरूरी है। गौ आधारित खेती में सारी समस्याओं का समाधान निहित है। रसायन से खेती की उपजाऊ क्षमता नष्ट होती, लेकिन गौपालन से खाद मिलती है जो कि प्राकृतिक खेती करने के लिए आवश्यक है।

उन्होंने बताया कि प्राकृतिक खेती कृषि की प्राचीन पद्धति है। यह भूमि के प्राकृतिक स्वरूप को बनाए रखती है। प्राकृतिक खेती में रासायनिक कीटनाशक का उपयोग नहीं किया जाता है। इस प्रकार की खेती में जो तत्व प्रकृति में पाए जाते है, उन्हीं को खेती में कीटनाशक के रूप में काम में लिया जाता है। उन्होंने बताया कि प्राकृतिक खेती से कैंसर जैसी बीमारियां कम होगी। किसानों में समृद्धि आयेगी। प्रदेश में एक करोड़ से अधिक किसान इस योजना से लाभांवित होंगे। उन्होंने कहा कि महिलाओं के समूहों को खेती से जोड़ा जायेगा।

**जन्मदिन पर जोगेन्द्र...**

पूर्व एआईसीसी सदस्य तथा दलित उत्थान महासभा अध्यक्ष राज कुमार भारती, आरडब्लूए अध्यक्ष सैक्टर-93 एस के-2 राहुल पंडित, श्याम दीक्षित, नवल सिंह चौहान,गौरव आधाना, मनोहर, आनन्द, दीलीप,कल्लू, श्याम बाबू व अन्य लोग मौजूद रहे।

**न्यू ईयर पार्टी करने...**

इस दौरान आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और किसी तरह उन्हें हमलावर युवकों के चंगुल से छुड़ाया।

प्रिंस चेची के मुताबिक, उसने इसकी सूचना डायल 112 पर दी। इसके बाद आरोपी युवक जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। पुलिस का कहना है कि पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है और आरोपियों की तलाश की जा रही है।

**ग्रेटर नोएडा में...**

जांच में पता चला कि वहां के दस्तावेजों में मकान ढाई मंजिल का नहीं, बल्कि केवल दो कमरों का कंप्लीशन था।

पीड़िता राधा गुप्ता ने बताया कि दस्तावेज न मिलने पर जब वह अपने पैसे मांगने उनके घर गई, तो रेनू बंसल और उसके बेटे सौरभ बंसल व गौरव बंसल ने उसके साथ बदसलूकी की और पुलिस में शिकायत दर्ज करने पर जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता का आरोप है कि रेनू बंसल और उसके बेटे उक्त संपत्ति को किसी अन्य व्यक्ति को बेचने की फिराक में हैं और उसके पैसे भी वापस नहीं कर रहे हैं।

इस संबंध में पीड़िता ने थाना बीटा 2 में भी शिकायत की, लेकिन उसकी रिपोर्ट दर्ज नहीं हुई। थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़िता की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है। यह मामला न्यायालय के निर्देश पर दर्ज किया गया है और पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

**शराब पर ओवर...**

शराब विक्रेता नवनीत जायसवाल को हिरासत में ले लिया। आरोपी को थाना सूरजपुर पुलिस के हवाले कर उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है।

**तीन जुआरी...**

मौके से पुलिस को दांव पर लगे ?4600 और ताश की गड्डी बरामद हुई। पकड़े गए जुआरियों ने अपने नाम बाबू अहिरवार, रंजीत उर्फ छोटा तथा विशाल कुमार यादव बताया। आरोपियों के खिलाफ जुआ अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर न्यायालय में पेश किया गया है।



# परमाणु प्रतिष्ठानों की सूची का आदान-प्रदान

## विदेश मंत्रालय ने शेयर की लिस्ट, भारत में भी बंद पाकिस्तानी

● एजेंसी

नई दिल्ली

भारत और पाकिस्तान ने बुधवार को अपने परमाणु प्रतिष्ठानों की सूची का आदान-प्रदान किया। यह आदान-प्रदान दोनों देशों के बीच एक समझौते के तहत किया गया है। यह समझौता दोनों देशों को एक-दूसरे के परमाणु ठिकानों पर हमला करने से रोकता है और यह तीन दशकों से चली आ रही परंपरा का हिस्सा है। विदेश मंत्रालय (एमईए) ने बताया कि यह आदान-प्रदान परमाणु प्रतिष्ठानों और सुविधाओं पर हमले को रोकने के समझौते के तहत किया गया।

यह सूची नई दिल्ली और इस्लामाबाद में एक साथ कूटनीतिक चैनलों के जरिए साझा की गई। भारत और पाकिस्तान के बीच इस सूची का आदान-प्रदान हर साल एक जनवरी को होता है और दोनों देशों को एक-दूसरे को सूचित करना होता है कि उनके परमाणु प्रतिष्ठान और सुविधाएं इस समझौते के दायरे में हैं।



**समझौते का इतिहास क्या है**

इस समझौते पर 31 दिसंबर 1988 को दोनों देशों ने हस्ताक्षर किए थे। 27 जनवरी 1991 को इसे लागू किया गया था। इस समझौते का मकसद दोनों देशों के बीच परमाणु प्रतिष्ठानों की सुरक्षा सुनिश्चित करना है, ताकि परमाणु युद्ध या हमले की संभावना को कम किया जा सके। भारत और पाकिस्तान के बीच यह 34वीं बार सूची का आदान-प्रदान हुआ। एक जनवरी 1992 से यह आदान-प्रदान लगातार हो रहा है।

**तनावपूर्ण संबंधों के बीच सूची का आदान-प्रदान**

कश्मीर पर विवाद और सीमा पार आतंकवाद जैसे मुद्दों के कारण दोनों देशों के बीच संबंध हाल के वर्षों में तनावपूर्ण रहे हैं। इसके बावजूद इस सूची का आदान प्रदान किया गया, जो समझौते और सुरक्षा के प्रति दोनों देशों की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

### कैदियों, मछुआरों को जल्द रिहा करे पाक: विदेश मंत्रालय

विदेश मंत्रालय ने पाकिस्तान से कहा कि वह जल्द से जल्द इन नागरिक कैदियों, मछुआरों और लापता भारतीय सैनिकों को रिहा करे और उन्हें भारत भेजे। भारत ने यह भी कहा कि 183 भारतीय मछुआरों और नागरिक कैदियों को जल्द रिहा किया जाए, जिन्होंने अपनी सजा पूरी कर ली है। इसके अलावा भारत ने पाकिस्तान से यह भी कहा है कि जो 18 भारतीय नागरिक पाकिस्तान की जेलों में हैं और जिनको अब तक कांसुलर पहुंच प्रदान नहीं की गई है, उन्हें तुरंत कांसुलर पहुंच प्रदान की जाए। मंत्रालय ने पाकिस्तान से यह भी कहा कि वह सभी भारतीय और भारत होने के शक वाले नागरिक कैदियों और मछुआरों की सुरक्षा सुनिश्चित करे, जब तक वे भारत वापस नहीं भेजे जाते।

**दोनों देशों ने साझा की नागरिक कैदियों की सूची**

इसके अलावा भारत और पाकिस्तान ने बुधवार को एक-दूसरे के कब्जे में रह रहे नागरिक कैदियों और मछुआरों की सूची की भी आदान-प्रदान किया। विदेश मंत्रालय ने बताया कि यह सूची कूटनीतिक चैनलों के जरिए साझा की गई। यह आदान-प्रदान 2008 के कांसुलर पहुंच (एक्सेस) समझौते के तहत किया गया है, जिसके अनुसार दोनों देशों को हर साल एक जनवरी और एक जुलाई को एक-दूसरे को अपने कब्जे में मौजूद नागरिक कैदियों और मछुआरों की सूची देनी होती है।

भारत ने 381 नागरिक कैदियों और 81 मछुआरों के नाम की सूची दी है, जो या तो पाकिस्तानी हैं या जिनके पाकिस्तानी होने का शक है। वहीं, पाकिस्तान ने 49 नागरिक कैदियों और 217 मछुआरों के नाम की सूची साझा की है, जो या तो भारतीय हैं या जिनके भारतीय होने का शक है।

# सुप्रीम कोर्ट पैनल ने बुलाई किसानों की बैठक

## सयुंक्त किसान मोर्चा ने शामिल होने से किया इंकार

● एजेंसी

चंडीगढ़

सयुंक्त किसान मोर्चा (एसकेएम) ने बुधवार को सुप्रीम कोर्ट (SC) द्वारा गठित उच्च स्तरीय समिति की 3 जनवरी को प्रस्तावित बैठक में शामिल होने से असमर्थता जताई है। एसकेएम ने एक बयान जारी कर कहा कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा गठित उच्च स्तरीय समिति ने 3 जनवरी को पंचकूला में आयोजित बैठक में शामिल होने के लिए एसकेएम को आमंत्रित किया है, लेकिन एसकेएम इस बैठक में भाग नहीं लेगा।

**शंभु और खनौरी सीमा पर किसानों का धरना जारी**

यह समिति पंजाब और हरियाणा के शंभु और खनौरी सीमा पर किसानों के प्रदर्शन के मद्देनजर गठित की गई थी। हालांकि एसकेएम ने स्पष्ट किया है कि वह इस आंदोलन का हिस्सा नहीं है। गौरतलब है कि संयुक्त किसान मोर्चा (गैर-राजनीतिक) और किसान मजदूर मोर्चा (केएमएम) के बैनर तले किसान पिछले साल 13 फरवरी से शंभु और खनौरी सीमा पर डटे हुए हैं।



**सुप्रीम कोर्ट की भूमिका पर एसकेएम का विरोध**

एसकेएम ने अपने बयान में कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने 2 सितंबर 2024 के आदेश में किसानों को राजनीतिक दलों और राजनीतिक मुद्दों से दूर रहने की सलाह दी थी। कोर्ट ने कहा था कि किसानों के मुद्दों को चरणबद्ध तरीके से हल किया जाएगा। एसकेएम ने अदालत के हस्तक्षेप को अस्वीकार करते हुए कहा कि किसान केंद्र सरकार से नीतिगत मुद्दों पर लड़ रहे हैं।

**एमएसपी की कानूनी गारंटी की मांग**

वरिष्ठ किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल 26 नवंबर से खनौरी सीमा पर अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल पर हैं। उनकी मांगों में फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की कानूनी गारंटी शामिल है।

# वैष्णो देवी जाने वालों के लिए खुशखबरी

## इस नए स्टेशन से जल्द दौड़ेगी वंदे भारत



● एजेंसी

नई दिल्ली

श्रद्धालुओं और पर्यटकों के लिए रेलवे ने एक नई सौगात की घोषणा की है। वंदे भारत एक्सप्रेस का नया रूट माता वैष्णो देवी कटरा से श्रीनगर के बीच शुरू किया जाएगा। इस अत्याधुनिक ट्रेन को उत्तरी रेलवे जोन द्वारा संचालित किया जाएगा। यह ट्रेन कश्मीर घाटी के लिए पहली सेमी-हाई स्पीड ट्रेन होगी और जम्मू क्षेत्र के लिए तीसरी। इससे पहले नई दिल्ली-श्री माता वैष्णो देवी कटरा के बीच एक वंदे भारत ट्रेन चलाई जा चुकी है।

**यात्रा में कितना लगेगा समय**

एक रिपोर्ट के मुताबिक चेन्नई स्थित इंटीग्रल कोच फैक्ट्री (आईसीएफ) द्वारा विकसित इस ट्रेन का रूट करीब 100 किलोमीटर का होगा, जिसे यह मात्र 2 घंटे 30 मिनट में तय करेगी। फिलहाल कटरा और श्रीनगर के बीच कोई सीधी ट्रेन सेवा उपलब्ध नहीं है, जिससे यह नई सेवा यात्रियों के लिए एक बड़ी सुविधा होगी।

**क्या होगा टाइम टेबल**

यह ट्रेन सुबह 8:10 बजे माता वैष्णो देवी कटरा स्टेशन से शुरू होगी और 11:20 बजे श्रीनगर पहुंचेगी। वापसी में यह दोपहर 12:45 बजे श्रीनगर से रवाना होकर 3:55 बजे कटरा पहुंचेगी। इस ट्रेन को उधमपुर-श्रीनगर-बारामूला रेल लिंक (यूएसबीआरएल) परियोजना के तहत चलाया जाएगा।

**इस वंदे भारत में होगी खास डिजाइन और सुविधाएं**

जम्मू-कश्मीर के चुनौतीपूर्ण मौसम और ऊंचाई को ध्यान में रखते हुए इस वंदे भारत एक्सप्रेस को विशेष रूप से डिजाइन किया गया है। इसमें यात्रियों के लिए हीटिंग की सुविधा उपलब्ध होगी, ताकि सर्दियों में पानी की लाइनों और डिब्बों में ठंड से परेशानी न हो।

# पूजा स्थल कानून को लेकर सुप्रीम कोर्ट में ओवैसी की याचिका

● एजेंसी

नई दिल्ली

साल 1991 के पूजा स्थल अधिनियम के क्रियान्वयन की मांग संबंधी एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट आज सुनवाई करेगा। यह कानून किसी स्थल के धार्मिक चरित्र को वैसा ही बनाए रखने के लिए कहता है जैसा वह 15 अगस्त, 1947 को था। 'ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन' (एआईएमआईएम) के प्रमुख एवं सांसद ओवैसी ने वकील फुजैल अहमद अय्यूबी के माध्यम से 17 दिसंबर, 2024 को याचिका दायर की थी। प्रधान न्यायाधीश संजीव खन्ना के नेतृत्व वाली पीठ ने 1991 के कानून के खिलाफ इसी तरह की याचिकाओं पर कार्रवाई करते हुए सभी अदालतों को धार्मिक स्थानों को पुनः प्राप्त करने संबंधी नए मुकदमों पर विचार करने और लंबित मामलों में कोई अंतरिम या अंतिम आदेश पारित करने से रोक दिया था। पूजा स्थल अधिनियम, 1991 किसी भी पूजा स्थल का धार्मिक चरित्र बदलने पर रोक लगाता है और इसे वैसा ही बनाए रखने का प्रावधान करता है जैसा कि वह 15 अगस्त 1947 को था। एआईएमआईएम प्रमुख के वकील ने कहा कि ओवैसी ने अपनी याचिका में केंद्र को कानून का प्रभावी कार्यान्वयन सुनिश्चित करने का निर्देश दिए जाने का आग्रह किया है।



# मुइज्जू को हटाकर मालदीव में तख्तापलट करना चाहता था भारत?

● एजेंसी

माले

## पूर्व राष्ट्रपति ने कर दी बोलती बंद

मालदीव के पूर्व राष्ट्रपति मोहम्मद नशीद ने वॉशिंगटन पोस्ट की उस रिपोर्ट को खारिज कर दिया है जिसमें दावा किया गया था कि मालदीव के विपक्षी नेताओं ने भारत से 6 मिलियन डॉलर की मांग की थी ताकि मालदीव के वर्तमान राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू के खिलाफ महाभियोग की साजिश रची जा सके। नशीद ने इस दावे को सिरे से नकारते हुए कहा कि उन्हें इस तरह की किसी गंभीर साजिश की जानकारी नहीं है और भारत कभी भी ऐसी साजिश का समर्थन नहीं करेगा। नशीद ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म X (ट्विटर) पर लिखा कि मैंने आज वॉशिंगटन पोस्ट की रिपोर्ट को दिलचस्पी के साथ पढ़ा। मुझे राष्ट्रपति के खिलाफ किसी भी साजिश की जानकारी नहीं है, हालांकि कुछ लोग हमेशा साजिशों में विश्वास करते हैं। भारत कभी ऐसी किसी भी साजिश का समर्थन नहीं करेगा क्योंकि वह हमेशा मालदीव के लोकतंत्र का समर्थन करता है। भारत ने कभी हम पर अपनी शर्तें नहीं थोपी हैं। वॉशिंगटन पोस्ट की रिपोर्ट में कहा गया है कि मालदीव के विपक्षी नेताओं ने राष्ट्रपति मुइज्जू को हटाने के लिए 40 सांसदों को रिश्वत देने का प्रस्ताव रखा था। इसमें मुइज्जू की अपनी पार्टी के सांसद भी शामिल थे। रिपोर्ट के अनुसार विपक्षी नेताओं ने 10 वरिष्ठ सेना और पुलिस अधिकारियों तथा तीन प्रभावशाली आपराधिक गिरोहों को भी इस साजिश में शामिल करने का प्रस्ताव रखा। इस पूरे अभियान के लिए 87 मिलियन मालदीवियन रूफिया (लगभग $6 मिलियन) की जरूरत थी, जिसे भारत से मांगा जाना था।



दुश्मनों की खैर नहीं

# नौसेना के बेड़े में शामिल होंगे दो युद्धपोत और एक पनडुब्बी

● एजेंसी

नई दिल्ली

भारतीय नौसेना में 15 जनवरी को स्वदेश निर्मित दो युद्धपोतों और एक डीजल-इलेक्ट्रिक पनडुब्बी को शामिल किया जाएगा। इससे बल की समग्र प्रतिरोधक क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि होने की उम्मीद है। अधिकारियों ने बुधवार को बताया कि तीनों प्लेटफॉर्म - निर्देशित मिसाइल विध्वंसक सूरत, स्टील्थ फ्रिगेट नीलगिरि और पनडुब्बी वाग्शीर - नवीनतम हथियारों और सेंसरों से लैस हैं। युद्धपोत और पनडुब्बी को मुंबई में नौसेना डॉकयार्ड में एक समारोह में सेवा में शामिल किया जाएगा। दोनों युद्धपोतों में महिला अधिकारियों और नाविकों की एक बड़ी संख्या के लिहाज से विशेष व्यवस्थाएं की गई हैं, जो कि भारतीय नौसेना की अग्रिम पंक्ति की लड़ाकू भूमिकाओं में लैंगिक समावेशन की दिशा में उठाए गए कदमों के अनुरूप है।



**नौसेना की युद्ध क्षमता को बढ़ावा देगा**

एक आधिकारिक बयान में कहा गया, ''यह ऐतिहासिक कार्यक्रम भारतीय नौसेना की युद्ध क्षमता को महत्वपूर्ण बढ़ावा देगा, साथ ही इससे स्वदेशी जहाज निर्माण में देश की प्रमुख स्थिति रेखांकित होगी।'' तीनों प्लेटफॉर्म को पूरी तरह से मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड (एमडीएल), मुंबई में डिजाइन और निर्मित किया गया है, जो रक्षा उत्पादन के महत्वपूर्ण क्षेत्र में भारत की बढ़ती आत्मनिर्भरता का प्रमाण है। नौसेना ने एक बयान में कहा, ''इन उन्नत युद्धपोतों और पनडुब्बियों को सफलतापूर्वक सेवा में शामिल करना युद्धपोत डिजाइन और निर्माण में तेज प्रगति को दर्शाता है।

**उन्नत सेंसर और हथियार पैकेजों से लैस है युद्धपोत**

नीलगिरि, 'प्रोजेक्ट 17ए' के तहत बनाए जा रहे सात फ्रिगेट में से पहला है, जिसमें महत्वपूर्ण स्टेल्थ विशेषताएं हैं। प्रोजेक्ट 15बी विध्वंसक, सूरत, कोलकाता-क्लास (प्रोजेक्ट 15ए) विध्वंसकों के अनुवर्ती वर्ग की परिणति है और इसमें डिजाइन और क्षमताओं में पर्याप्त सुधार किये हैं। दोनों जहाजों को भारतीय नौसेना के युद्धपोत डिजाइन ब्यूरो द्वारा डिजाइन किया गया है और वे मुख्य रूप से भारत में या अग्रणी वैश्विक निर्माताओं के साथ रणनीतिक सहयोग के माध्यम से विकसित उन्नत सेंसर और हथियार पैकेजों से लैस हैं।

# संतों ने आतंकी पन्नू के जलाए पोस्टर

● परमहंस दास बोले- महाकुंभ में दिखा तो जमीन में घुसा देंगे

**प्रयागराज।** खालिस्तानी आतंकी गुरपतवंत सिंह उर्फ पन्नू की धमकी के बाद महाकुंभ में आए संतों में जबरदस्त उबाल है। महाकुंभ मेले के सेक्टर-16 में अयोध्या छावनी के जगतगुरु परमहंस दास जी महाराज के नेतृत्व में संतों ने आतंकी पन्नू का पोस्टर जलाया। उसके खिलाफ संतों ने जोरदार नारेबाजी की। स्वामी परमहंस दास बोले कि अगर आतंकी पन्नू महाकुंभ में दिखा तो उसे जिंदा जमीन में दबा देंगे।



**पन्नू की धमकी के बाद महाकुंभ में अलर्ट**

संगम की रेती पर आयोजित होने वाले महाकुंभ को लेकर सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट हो गई हैं। खालिस्तानी आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू की धमकी के बाद सुरक्षा और कड़ी कर दी गई है। पिछले सप्ताह सुरक्षा का जिम्मा खुद एडीजी लॉ एंड ऑर्डर अमिताभ यश ने ले लिया था।

# साल 2025 में गुनाहों का होगा हिसाब

## बांग्लादेश के टॉप वकील का ऐलान, होगी हसीना की वतन वापसी?

● एजेंसी

ढाका

बांग्लादेश में राजनीतिक घटनाक्रम तेजी से बदल रहा है। देश के मुख्य अभियोजक मोहम्मद ताजुल इस्लाम ने यह दावा किया है कि वर्ष 2025 मानवाधिकार हनन और अन्य अपराधों के मामलों में न्याय का साल होगा। उनके इस बयान का सीधे-सीधे इशारा बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना की तरफ था। उन्होंने स्पष्ट किया कि पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना और उनके नेतृत्व वाली अवामी लीग के खिलाफ दर्ज मामलों की सुनवाई जल्द ही शुरू होगी। ढाका ट्रिब्यून की रिपोर्ट के मुताबिक, एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में मुख्य अभियोजक ने घोषणा की कि न्याय प्रक्रिया मुख्य भवन में प्रधान न्यायाधीश की सहमति के बाद आरंभ होगी। उन्होंने कहा कि अवामी लीग सरकार द्वारा किए गए सभी अपराधों की जांच और सुनवाई तेजी से आगे बढ़ाई जा रही है। खासकर जुलाई-अगस्त में हुए मानवाधिकार उल्लंघन के मामलों की जांच जारी है। ढाका के इंटरनेशनल क्राइम ट्रिब्यूनल ने मानवाधिकार उल्लंघन के कई धाराओं में शेख हसीना के खिलाफ केस दर्ज किया है। उनके खिलाफ गिरफ्तारी वारंट भी जारी हो चुका है। यूनुस सरकार ने उनकी वतन वापसी के लिए भारत से सहयोग मांगा है। हालांकि साउथ ब्लॉक की ओर से अब तक कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं आई है। छात्रदल और यूनुस सरकार ने अवामी लीग और शेख हसीना को लेकर तीखी मांगें रखी हैं। उनका कहना है कि मानवाधिकार उल्लंघन के आरोपों में पहले हसीना का न्यायिक प्रक्रिया से सामना हो, अवामी लीग पर प्रतिबंध लगे और उसके बाद ही देश में चुनाव संभव होगा।



आपके पिता का RSS से था रिश्ता

# भागवत को चिट्ठी पर कांग्रेस की केजरीवाल को नसीहत



**नई दिल्ली।** नए साल पर अरविंद केजरीवाल की ओर से आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत को लिखे गए पत्र को लेकर सियासत गर्म रही। आरएसएस प्रमुख को लिखी चिट्ठी पर दिल्ली कांग्रेस ने तगड़ा रिएक्शन दिया। दिल्ली कांग्रेस अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने कहा कि चिट्ठी में उठाए गए मुद्दों में तो सच्चाई है, लेकिन आम आदमी पार्टी को अपने अंदर भी झांकना चाहिए। आप लगातार झूठी बातें और गलत गारंटी का वायदा करके लोगों को धोखा देने काम कर रही है।

वहीं दिल्ली की पूर्व सीएम शीला दीक्षित के बेटे संदीप दीक्षित ने जोरदार पलटवार किया। नई दिल्ली से कांग्रेस के उम्मीदवार संदीप दीक्षित ने कहा- केजरीवाल ने आरएसएस को पत्र क्यों लिखा है? पत्र तो उनको लिखा जाता है जिनसे सीधा रिश्ता होता है। आप कांग्रेस या भाजपा को पत्र लिखते क्योंकि विपक्ष में यही पार्टियां हैं। आरएसएस से अपनापन क्यों आने लगा?

सीएम आतिशी का दावा

# 'हिंदू और बौद्ध मंदिरों को तोड़ने की योजना बना रही भाजपा'

● एजेंसी

नई दिल्ली

दिल्ली की सीएम आतिशी ने कहा कि भाजपा की केंद्र सरकार दिल्ली के अलग-अलग इलाकों में हिंदू मंदिरों और बौद्ध मंदिरों को तोड़ने की योजना बना रही है। एक धार्मिक समिति है, जो मंदिरों को शिफ्ट करने या उन्हें तोड़ने के बारे में फैसला लेती है। यह दिल्ली सरकार के गृहमंत्री के अधीन आती थी। पिछले साल तक इस समिति के सभी फैसले पहले गृहमंत्री के सामने रखे जाते थे और उनकी मंजूरी के बाद ही कोई कार्रवाई की जाती थी, लेकिन पिछले साल दिल्ली के एलजी ने आदेश दिया कि किसी भी धार्मिक स्थल को तोड़ना कानून व्यवस्था का मामला है और इसलिए यह दिल्ली एलजी के अधीन आता है और इसलिए दिल्ली के सीएम या गृहमंत्री का इससे कोई लेना-देना नहीं है।' आतिशी ने कहा कि अब धार्मिक समिति सीधे दिल्ली एलजी के अधीन है। समिति के अध्यक्ष गृह विभाग के प्रमुख सचिव होते हैं और वह समिति के सुझावों को मंजूरी के लिए सीधे दिल्ली एलजी को भेजते हैं। 22 नवंबर को धार्मिक समिति की बैठक हुई थी। मंगलवार को एलजी के कार्यालय ने मीडिया को बताया कि मंदिरों को तोड़ने का कोई आदेश नहीं है, लेकिन यह झूठ है। 22 नवंबर को हुई बैठक में वेस्ट पटेल नगर, दिलशाद गार्डन, सीमापुरी, गोकलपुरी, न्यू उस्मानपुर और सुल्तानपुरी में स्थित कई मंदिरों और सुंदर नगरी में स्थित एक बौद्ध मंदिर को गिराने का फैसला लिया गया। यह सब बैठक के मिनट्स में है। दिल्ली के एलजी ने इसे मंजूरी दे दी है और अब डीएम और एसडीएम इन मंदिरों को गिराने की तैयारी कर रहे हैं। आतिशी ने आगे कहा,' आप और अरविंद केजरीवाल ने पुजारियों और ग्रंथियों को 18 हजार रुपये वेतन देने की घोषणा की।



# लुधियाना कंसर्ट में रोक वाले गाने गा कर फंसे दिलजीत दोसांझ

**चंडीगढ़ के प्रोफेसर करेंगे कोर्ट केस**

**चंडीगढ़।** पंजाबी सिंगर और एक्टर दिलजीत दोसांझ का दिल लुमिनाटी टूर-2024 का कंसर्ट लुधियाना के पंजाब एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी (पीएयू) में हुआ। कंसर्ट में शराब को प्रमोट करने वाले गाने गाने के कारण सिंगर मुसीबत में फंस गए हैं। चंडीगढ़ के असिस्टेंट प्रोफेसर पंडितराव धरेनवर ने कहा कि पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय के फैसले में साल 2019 में पुलिस को निर्देश दिए थे कि सार्वजनिक कार्यक्रमों में शराब, ड्रग्स या हिंसा को बढ़ावा देने वाले गाने नहीं बजाए जाएं, लेकिन अपने शो में दिलजीत दोसांझ ने ऐसे गाने गाए। पंजाब के महिला और बाल विकास विभाग ने पहले ही लुधियाना के डिस्ट्रिक्ट कमिश्नर को नोटिस जारी किया गया था कि सिंगर को शराब और ड्रग्स वाले सॉन्ग गाने से रोका जाए।



# नए साल के पहले महीने में कई अहम परीक्षाएं

## सूची में जेईई मेन, यूजीसी नेट सहित ये इम्तिहान शामिल

● एजेंसी

नई दिल्ली

नए साल की शुरुआत बुधवार से हो चुकी है। नव वर्ष की शुरुआत के साथ ही कई महत्वपूर्ण परीक्षाएं भी दस्तक देने को तैयार हैं। जनवरी के पहले सप्ताह से ही इन परीक्षाओं या कार्यक्रमों की शुरुआत हो जाएगी। यहां जनवरी में होने वाली महत्वपूर्ण परीक्षाओं या आयोजनों का विवरण दिया गया है। इसमें यूजीसी नेट परीक्षा, जेईई मेन परीक्षा जैसे कई महत्वपूर्ण आयोजन शामिल हैं।

**बीएसई बोर्ड प्रैक्टिकल परीक्षा**

साल की शुरुआत होते ही सीबीएसई बोर्ड की प्रायोगिक परीक्षाएं भी शुरू हो रहीं हैं। बोर्ड की ओर से जारी कार्यक्रम के अनुसार सीबीएसई बोर्ड नियमित सत्र के स्कूलों के लिए कक्षा 10वीं और 12वीं की प्रैक्टिकल परीक्षाएं 01 जनवरी से 14 फरवरी, 2025 के बीच आयोजित की जाएंगी।



**यूजीसी नेट परीक्षा**

नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (NTA) दिसंबर 2024 सत्र की यूजीसी नेट परीक्षा का आयोजन 3 जनवरी 2025 से 16 जनवरी 2025 तक करेगी। यह परीक्षा 85 विषयों के लिए आयोजित की जाएगी। उम्मीदवार अपने एडमिट कार्ड आधिकारिक वेबसाइट ugcnet.nta.ac.in से डाउनलोड कर सकते हैं।

**यूपी बोर्ड की प्रयोगात्मक परीक्षा**

यूपी बोर्ड इंटरमीडिएट की प्रयोगात्मक परीक्षाएं 23 जनवरी से शुरू होने वाली हैं। प्रयोगात्मक परीक्षा दो चरणों में 23 से 31 जनवरी व एक से आठ फरवरी तक आयोजित की जाएंगी।

**एसएससी सीजीएल टियर-2 परीक्षा**

कर्मचारी चयन आयोग (SSC) कंबाइंड ग्रेजुएट लेवल (CGL) टियर-2 परीक्षा का आयोजन 18, 19 और 20 जनवरी 2025 को करेगा। इस परीक्षा के माध्यम से ग्रुप बी और सी के कुल 17,727 पदों पर भर्ती की जाएगी। टियर-1 परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले उम्मीदवार ही टियर-2 में शामिल हो सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए SSC की आधिकारिक वेबसाइट ssc.gov.in पर जाएं।

**यूकेपीएससी एसआई भर्ती परीक्षा**

उत्तराखंड लोक सेवा आयोग ने सब-इंस्पेक्टर (SI) पदों के लिए होने वाली भर्ती परीक्षा तिथियों की घोषणा कर दी है।

# दिल्ली में फिर गिरफ्त में आए 11 बांग्लादेशी घुसपैठिये

## पुलिस ने FRRO की मदद से वापस भेजा

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने शहर में अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशी घुसपैठियों के खिलाफ अपना अभियान जारी रखते हुए हाल ही में 11 बांग्लादेशियों को पकड़कर वापस उनके देश भेज दिया है। इस बारे में जानकारी देते हुए पुलिस ने बताया कि सभी ग्यारह अवैध नागरिको को FRRO (विदेशी क्षेत्रीय पंजीकरण कार्यालय) के माध्यम से वापस बांग्लादेश भेजा गया है।

यह कार्रवाई दक्षिण-पश्चिम जिले की एंटी स्नैचिंग सेल ने की, जिसमें 11 बांग्लादेशी नागरिकों को पकड़ने में सफलता पाई थी। पुलिस के अनुसार जिन लोगों को निर्वासन किया गया है, उनके नाम मोहम्मद शिमुल, मोहम्मद अली पूरन, मोहम्मद शिहाब हसन, मोहम्मद जाकिर हुसैन बिप्लव, अनवर हसन, मसुदुल आलम अतुल, जकारिया अहमद, अर्पोन कुमार चंदा, मोहम्मद रफीकुल, मिजानुद्दीन और आरिफुर रहमान अकरम हैं। इससे एक दिन पहले मंगलवार को ही दिल्ली पुलिस ने बताया था कि उसने यहां अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशी मां-बेटे को वापस उनके देश भेजा है।

# अब मुझे अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट की कमी महसूस नहीं होती : धोनी



**रांची (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान महेन्द्र सिंह धोनी ने का कहना है कि उन्हें अब अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट की कमी महसूस नहीं होती है। पहली बार अपने संन्यास को लेकर धोनी ने कोई बात कही है। इस पूर्व कप्तान ने कहा कि पहले उन्हें लगता था कि मुझे और समय मिलेगा पर अब नहीं। मैं हमेशा मानता हूं कि आप कुछ सोच समझ कर अपने फैसले लेते हैं। उन्होंने कहा कि एक बार जब आपने फैसला ले लिया तो उसके बारे में सोचने का कोई अर्थ नहीं है। इसलिए मैं भगवान की कृपा से अपने देश के लिए जो कुछ भी कर पाया उसये बहुत खुश हूं। साथ ही कहा कि उन्होंने इस खेल से देश को गौरवान्वित करने की अपनी भूमिका निभा ली है। उन्होंने कहा कि पहले मैंने सोचा था कि मुझे और समय मिलेगा पर यह थोड़ी निराशा की बात है कि मुझे ज्यादा समय नहीं मिला।

धोनी ने कहा कि संन्यास से लाभ भी हुआ है। अब मैं दोस्तों के साथ काफी समय बिता पाता हूं। मैं काफी अधिक मोटरसाइकिल सवारी कर सकता हूं। यह हालांकि लंबी यात्रा नहीं होती है। यह मुझे अच्छी लगती है। धोनी ने कहा कि यह अच्छा रहा, परिवार के साथ समय बिता पा रहा हूं। धोनी ने 60 टेस्ट मैचों में भारत का नेतृत्व किया, जिनमें से उन्होंने 27 बार जीत हासिल की, 18 हारे और 15 ड्रा रहे। 45.00 के जीत प्रतिशत के साथ, वह सभी प्रारुपों में भारतीय टीम के सबसे सफल कप्तानों में से एक हैं।

धोनी की कप्तानी में ही भारतीय टीम ने आईसीसी टेस्ट रैंकिंग में शीर्ष स्थान तक पहुंचा था। वह इतिहास में एकमात्र कप्तान है जिन्होंने आईसीसी के सभी तीन सीमित ओवरों के खिताब 2007 में टी20 विश्व कप, 2011 में एकदिवसीय विश्व कप और 2013 में चैंपियंस ट्रॉफी जीते हैं। धोनी ने 200 एकदिवसीय मैचों में भारत की कप्तानी की। भारतीय टीम ने इसमें 110 मैच जीते, 74 हारे और पांच मैच ड्रा रहे। टी20 अंतरराष्ट्रीय में उन्होंने 74 मैचों में भारत का नेतृत्व किया और टीम को 41 जीत दिलाई।धोनी ने जीवन में अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता और करीबी दोस्तों को दिया है। संन्यास के बाद भी अब वह केवल आईपीएल ही खेलते हैं।

## दो बार की ओलंपिक चैंपियन बीट्राइस चेबेट ने तोड़ा अपना ही विश्व रिकॉर्ड



**बार्सिलोना (एजेंसी)।** दो बार की ओलंपिक चैंपियन बीट्राइस चेबेट ने महिलाओं की पांच हजार मीटर की दौड़ का अपना ही विश्व रिकॉर्ड तोड़कर कर्सा डेल्स नैसोस रोड रेस का खिताब जीता। बार्सिलोना में हुई इस दौड़ को 24 वर्षीय केन्याई खिलाड़ी ने 13 मिनट और 54 सेकंड में पूरा किया।

पेरिस ओलंपिक में पांच हजार मीटर और 10 हजार मीटर में स्वर्ण जीतने वाली चेबेट ने इसी दौड़ में एक साल पहले बनाए गए अपने पिछले रिकॉर्ड को 19 सेकंड से पीछे छोड़ दिया। दौड़ के बाद चेबेट ने कहा, 'मैं बहुत खुश हूं क्योंकि सब कुछ योजना के अनुसार हुआ। मुझे लगा कि मैं 14 मिनट से कम समय में दौड़ सकती हूं और मैं ऐसा करने में सफल रही। बार्सिलोना में दो दौड़ और दो विश्व रिकॉर्ड, क्या मैं इससे अधिक की उम्मीद कर सकती हूं।'

उन्होंने कहा, 'मेरा ध्यान अगले वर्ष टोक्यो में होने वाली विश्व चैंपियनशिप में पांच हजार मीटर और 10 हजार मीटर की दौड़ में स्वर्ण पदक जीतने पर है।'

## ऑस्ट्रेलिया का भी डब्ल्यूटीसी फाइनल में पहुंचना अभी तक पक्का नहीं




**मेलबर्न (एजेंसी)।** बॉक्सिंग डे टेस्ट में हार से जहां भारतीय क्रिकेट टीम के विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल के लिए क्वालीफाई करने की संभावनाएं तकरीबन समाप्त हो गयी हैं। वहीं मेजबान ऑस्ट्रेलियाई टीम पर खतरा अभी पूरी तरह से समाप्त नहीं हुआ है। अगर भारत सिडनी में ऑस्ट्रेलिया को ड्रॉ पर रोक देता है और उसके बाद श्रीलंका सीरीज में ऑस्ट्रेलियाई टीम को दोनो ही टेस्ट में हरा देती है तो श्रीलंका की टीम दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ फाइनल के लिए क्वालीफाई कर जाएगी और ऑस्ट्रेलिया बाहर हो जाएगी।

मेलबर्न में हार से भारतीय टीम के अंक प्रतिशत तालिका में 55.89 से गिरकर 52.78 हो गए है जबकि ऑस्ट्रेलिया के नाम पर अब 61.46 प्रतिशत अंक हैं।

वहीं पाकिस्तान पर जीत से दक्षिण अफ्रीका ने पहले ही डब्ल्यूटीसी फाइनल के लिए क्वालीफाई कर लिया है। भारतीय टीम अगर सिडनी में जीत दर्ज करती है तो उसके 55.26 प्रतिशत अंक हो जाएगे और ऑस्ट्रेलिया के 54.26 प्रतिशत अंक रह जाएगे। ऑस्ट्रेलिया अगर श्रीलंका में एक भी टेस्ट जीत लेता है तो उसकी डब्ल्यूटीसी फाइनल में दक्षिण अफ्रीका से टक्कर तय हो जाएगी। मेलबर्न में ऑस्ट्रेलिया की जीत ने उसकी डब्ल्यूटीसी फाइनल में जगह बनाने की उम्मीदों को बढ़ाया है और टीम अगले साल लार्ड्स में होने वाले फाइनल में जगह बनाने से केवल एक जीत दूर है।

भारतीय टीम ने 2024-25 सत्र की शानदार शुरुआत करते हुए बांग्लादेश को स्वदेश में 2-0 से हराया था। इसके बाद हालांकि भारत का अभियान पटरी से उतर गया। टीम को न्यूजीलैंड के खिलाफ स्वदेश में तीन मैच की श्रृंखला में 0-3 से करारी का सामना करना पड़ा और अब ऑस्ट्रेलिया दौरे पर टीम 1-2 से पिछड़ रही है। रोचक बात यह है कि सिर्फ भारत के ऊपर आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के खिताबी मुकाबले से बाहर होने का खतरा नहीं है, बल्कि ऑस्ट्रेलिया भी बाहर हो सकता है। अगर भारत मेजबान को सिडनी में ड्रॉ खेलता है और उसके बाद पैट कमिंस की टीम श्रीलंका में दोनों टेस्ट हार जाए तो श्रीलंकाई टीम साउथ अफ्रीका के खिलाफ फाइनल के लिए क्वालीफाई कर जाएगी।

# बुमराह ने गेंदबाजी रैंकिंग में हासिल किए सबसे ज्यादा अंक, अश्विन का रिकॉर्ड तोड़ा



**दुबई (एजेंसी)।** भारत के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की बुधवार को जारी की गई रैंकिंग में गेंदबाजी में 907 रेटिंग अंक का आंकड़ा छूकर नया भारतीय रिकॉर्ड बनाया। बुमराह ने हाल में संन्यास लेने वाले स्पिन गेंदबाज रविचंद्रन अश्विन को पीछे छोड़ा जिन्होंने 2016 में 904 अंकों की अपनी सर्वोच्च रेटिंग हासिल की थी।

बुमराह ने हाल में अश्विन की बराबरी की थी और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चौथे टेस्ट मैच में शानदार प्रदर्शन के दम पर वह नया भारतीय रिकार्ड बनाने में सफल रहे। बुमराह 907 रेटिंग अंकों के साथ सर्वकालिक सूची में इंग्लैंड के डेरेक अंडरवुड के साथ संयुक्त 17वें स्थान पर हैं। इस तेज गेंदबाज ने बॉक्सिंग डे टेस्ट मैच में नौ विकेट हासिल किए थे जिससे उन्होंने गेंदबाजों की रैंकिंग में शीर्ष पर अपनी स्थिति मजबूत की। भारत हालांकि इस मैच में हार गया था।

ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस ने एमसीजी में अपने छह विकेटों के दम पर 15 रेटिंग अंक हासिल किए जिससे वह एक पायदान चढ़कर तीसरे स्थान पर पहुंच गए। कमिंस ने चौथे टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया की 184 रन की जीत के दौरान दो पारियों में 90 महत्वपूर्ण रन बनाने के बाद टेस्ट ऑलराउंडर रैंकिंग में भी तीसरा स्थान हासिल किया।

बॉक्सिंग डे टेस्ट में सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल की पहली पारी में 82 रन की पारी ने उन्हें 854 रेटिंग अंकों के साथ करियर के सर्वश्रेष्ठ चौथे स्थान पर पहुंचा दिया, जबकि नीतीश कुमार रेड्डी के पहले टेस्ट शतक ने उन्हें टेस्ट बल्लेबाजी रैंकिंग में 20 स्थान ऊपर 53वें नंबर पर पहुंचा दिया।

## जोकोविच ने कोच एंडी मर्रे के साथ मिलकर बनाई रणनीति, नए खिलाड़ियों को देंगे चुनौती

ब्रिस्बेन। विश्व के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी नोवाक जोकोविच वर्ष 2024 में पेरिस ओलंपिक के स्वर्ण पदक के रूप में एकमात्र खिताब जीत पाए थे लेकिन अब उन्होंने नए कोच एंडी मर्रे के साथ मिलकर यानिक सिनर और कार्लोस अल्कराज जैसे युवा खिलाड़ियों से मुकाबला करने के लिए नई रणनीति तैयार की है। वर्तमान में विश्व के नंबर एक खिलाड़ी 23 वर्षीय सिनर ने बीते साल ऑस्ट्रेलियाई और अमेरिकी ओपन तथा 21 वर्षीय अल्कराज ने विंबलडन और फ्रेंच ओपन में पुरुष एकल के खिताब जीते थे। ब्रिस्बेन इंटरनेशनल में अपने पहले दौर का मैच जीतने के बाद 37 वर्षीय जोकोविच ने कहा कि उन्होंने 12 जनवरी से शुरू होने वाले ऑस्ट्रेलियाई ओपन से पहले मर्रे के साथ मिलकर अपने युवा प्रतिद्वंदियों के वीडियो देखकर उनके खेल का आकलन किया है।



अपने 100वें एटीपी खिताब की कवायद में लगे जोकोविच ने ऑस्ट्रेलिया के वाइल्ड कार्ड से प्रवेश पाने वाले रिंकी हिजिकाटा को 6-3, 6-3 से हराने के बाद कहा कि वह मर्रे साथ मिलकर अपने खेल में छोटे-छोटे बदलाव करेंगे। जोकोविच ने कहा, 'मैं अपने खेल में आमूलचूल बदलाव करने के बारे में नहीं सोच रहा हूं। मैं जियोवानी (फ्रांस का 21 वर्षीय स्टार जियोवानी एमपेत्शी पेरीकार्ड) की तरह नहीं बनने जा रहा हूं, जो पहले दो सर्विस करके नेट पर आ जाए।' उन्होंने कहा, 'लेकिन मैं निश्चित रूप से सुधार करना चाह रहा हूं, भले ही यह मामूली हो। मैं शारीरिक और मानसिक रूप से भी प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार हूं। चाहे इसके लिए कुछ भी करना पड़े, चाहे युवाओं के साथ कितने भी घंटे खेलना पड़े।'

## गंभीर ने टीम को आड़े हाथों लिया, बेहतर प्रदर्शन करें या बाहर होने तैयार रहें



मेलबर्न । ऑस्ट्रेलिया दौरे में भारतीय क्रिकेट टीम के खराब प्रदर्शन से मुख्य कोच गौतम गंभीर बेहद नाराज हैं और उन्होंने इसी कारण टीम को आड़े हाथों लिया। जिस प्रकार से भारतीय टीम ने मेलबर्न में हाथ में आया मैच खो दिया उससे कोच बेहद नाराज बताये गये हैं। मेलबर्न की हार से भारतीय टीम आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के खिताबी मुकाबले से भी तकरीबन बाहर हो गयी है। एक रिपोर्ट के अनुसार इसी कारण भड़के गंभीर ने हर किसी को जमकर फटकारा और कहा, बस बहुत हो गया अब उन्हें संभल जाना चाहिये। गंभीर ने इस दौरान नाम लिए बिना ही स्वाभाविक गेम खेलने के नाम पर आउट होने के लिए अलग-अलग बहाने ढूंढने वाले खिलाड़ियों को भी चेतावनी दी। माना जा रहा है कि उनका संकेत विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत और विराट कोहली की ओर था। गंभीर के कोच पद संभालने के बाद से ही से अब तक का टीम का सबसे खराब प्रदर्शन है। उनके कोच पद संभालने के बाद टीम को केवल बांग्लादेश पर जीत मिली। वहीं न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू मैदान पर उसे हार का सामना करना पड़ा। ड्रेसिंग रूम में कोच ने एक लाइन में कहा कि अगर टीम की योजना के अनुसार नहीं चल सकते हैं तो बाहर जाने के लिए तैयार रहें। गंभीर ने कहा कि उन्होंने पिछले 6 महीने टीम को अपने अनुसार खेलने की आजादी दी थी पर उससे नुकसान ही हुआ है। अब टीम को उनके अनुसार खेलना होगा। मेलबर्न में हार के बाद भारतीय टीम को ने केवल सिडनी में जीतना होगा, बल्कि आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के खिताबी मुकाबले में पहुंचने के लिए श्रीलंका और ऑस्ट्रेलिया के बीच सीरीज के परिणाम पर भी निर्भर रहना होगा।

## पंजाब किंग्स को इस साल आईपीएल खिताब जिता पायेंगे श्रेयस?



मुम्बई। आईपीएल 2025 सत्र के लिए पंजाब किंग्स टीम के कप्तान बने श्रेयस अय्यर ने कहा है कि वह टीम को खिताब जिताने का पूरा प्रयास करेंगे। वह नए साल में पंजाब किंग्स को खिताब दिलाकर लगातार दो विभिन्न फेंचाइजियों से खिताब जीतने वाले पहले कप्तान बनने की कोशिश करेंगे। अब तक खिताब नहीं जीत पायी पंजाब किंग्स ने आईपीएल मेगा नीलामी में इसी कारण उन्हें खरीदा है। श्रेयस की कप्तानी में ही कोलकाता नाइट राइडर्स ने साल 2024 में आईपीएल खिताब जीता था। ऐसे में उनका प्रयास लगातार दूसरी बार आईपीएल खिताब जीतकर रिकार्ड बनाना रहेगा। श्रेयस अय्यर के लिए 2024 एक शानदार वर्ष रहा है, उनकी कप्तानी में टीमों ने 4 ट्रॉफियां जीतीं। अय्यर को मेगा नीलामी में पंजाब ने 26.75 करोड़ में खरीदा था। वह आईपीएल इतिहास के दूसरे सबसे महंगे क्रिकेटर हैं। साल 2024 में 4 घरेलू टूर्नामेंट जीतने से भी श्रेयस के हौंसले बुलंद हैं। ऐसे में उनका आगामी लक्ष्य आईपीएल 2025 में पंजाब किंग्ग को खिताब दिलाना है। उनके नेतृत्व में, मुंबई ने 2024-25 सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी (एसएमएटी) जीती थी। बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में फाइनल में उनकी टीम ने ने मध्य प्रदेश को पांच विकेट से हराया था। बहरहाल, अपनी हाल की उपलब्धियों को लेकर अय्यर आगामी आईपीएल सत्र को लेकर उत्साहित हैं। अय्यर ने एक वीडियो में कहा कि घरेलू क्रिकेट खिताबों के बाद अगली बड़ी चीज की ओर बढ़ रहा हूं, जो कि आईपीएल है। मैं पंजाब किंग्स का हिस्सा बनने के लिए बेहद उत्साहित हूं और पंजाब किंग्स परिवार में शामिल होने के लिए इंतजार नहीं कर सकता।

# चैंपियंस ट्रॉफी के पुन: आयोजन पर बोले एफआईएच अध्यक्ष, हमें कैलेंडर में जगह चाहिए



**राउरकेला(एजेंसी)।** अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ अध्यक्ष दातो तैय्यब इकराम ने बुधवार को प्रतिष्ठित चैंपियंस ट्रॉफी को फिर से आयोजित करने की इच्छा व्यक्त की लेकिन साथ ही उन्होंने पहले से ही व्यस्त अंतरराष्ट्रीय हॉकी कैलेंडर में इस टूर्नामेंट को शामिल करने की मुश्किलों को भी उजागर किया।

चैंपियंस ट्रॉफी 1978 में एक सालाना टूर्नामेंट के तौर पर शुरू हुई और 2014 में यह द्विवार्षिक हो गई। यह टूर्नामेंट एक समय हॉकी की सबसे प्रतिष्ठित प्रतियोगिताओं में शामिल था जो केवल विश्व कप और ओलंपिक से पीछे था। इसका अंतिम चरण 2018 में आयोजित कराया गया था। इसके बाद एफआईएच ने इसे बंद कर दिया था।

इकराम ने एक प्रेस कांफ्रेंस के दौरान कहा, 'हम इस बात से इनकार नहीं कर रहे हैं कि चैंपियंस ट्रॉफी या इसी तरह के किसी टूर्नामेंट को फिर से शुरू किया जा सकता है। लेकिन हमें कैलेंडर में जगह देखने की जरूरत है।' उन्होंने खिलाड़ियों के व्यस्त कार्यक्रम और उनके कार्यभार को ध्यान में रखते हुए 'बेहतर और अधिक रोमांचक टूर्नामेंट' शुरू करने के महत्व पर प्रकाश डाला। इकराम ने हॉकी की वैश्विक पहुंच का विस्तार करने और शीर्ष नौ टीमों से परे देशों के लिए मौका प्रदान करने की जरूरत पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा, 'हमारे पास दूसरे दर्जे के देशों के लिए कुछ नहीं था। शीर्ष नौ-10 देशों के बाद हमने अगले आठ देशों के लिए नेशन्स कप शुरू किया है। एफआईएच के लिए मेरा लक्ष्य है कि शीर्ष 35 देश एफआईएच टूर्नामेंट में शामिल हों, जो इतिहास में पहले कभी नहीं हुआ है।'

उन्होंने कैलेंडर की चुनौतियों को स्वीकार करते हुए एलीट और उभरते हॉकी देशों के बीच की खाई को पाटने के महत्व को रेखांकित किया। इकराम ने कहा, 'अंतर पाटने का एकमात्र तरीका है कि हमें अन्य देशों को भी शामिल करना होगा। इसलिए समस्या यह होगी कि आपका कैलेंडर अधिक भरा होगा।'

एफआईएच का एक प्रमुख टूर्नामेंट प्रो लीग 2019 से चल रहा है। इसके बारे में बोलते हुए इकराम ने 'प्रो लीग कनेक्ट' नाम की एक नयी परियोजना के शुरू होने की घोषणा की जिसका उद्देश्य शीर्ष हॉकी देशों के बाहर के देशों को शामिल करना है। इकराम ने इसके बारे में अधिक जानकारी दिये बिना कहा, 'पिछले साल के अंत में मैंने हमारे प्रतियोगिता विभाग और प्रो लीग टीम के साथ एक बैठक की थी। हम 'प्रो लीग कनेक्ट नामक' की एक परियोजना शुरू कर रहे हैं।'

## हेड ने अपने अजीब जश्न को लेकर सफाई दी



मेलबर्न । ऑस्ट्रेलिया के ट्रेविस हेड ने भारतीय टीम के खिलाफ चौथे क्रिकेट टेस्ट मैच में ऋषभ पंत को आउट करने के बाद अपने अजीब से जश्न को लेकर सफाई दी है। हेड के इस जश्न को लेकर कई लोगों ने हैरानी जतायी थी। वहीं कई लोगों ने इसे विवादित बताते हुए सवाल भी उठाये थे। साथ ही कइने कहा कि यह बर्फ पर अंगुली का संकेत था। साथ ही कहा कि यह अजीब इशारा उन्होंने पहली बार श्रीलंका दौरे में दिखाया था। इस मैच में ऋषभ जब अच्छी बल्लेबाजी करने लगे थे और मैच को ड्रॉ कराने की ओर बढ़ रहे थे। तभी हेड ने उन्हें आउट कर मैच का रुख ही मोड़ दिया। भारतीय बल्लेबाज ने पुल शॉट खेलने का प्रयास किया था जिसपर वह कैच हो गये थे। इसके बाद हेड ने अपने बाएं हाथ की अंगुलियों को एक मोड़कर और दाहिने हाथ की तर्जनी अंगुली को उसमें डुबाकर इस क्षण का जश्न मनाया। हेड ने मेलबर्न टेस्ट के बाद कहा, 'फिंगर ऑन द आइस। मैंने इसकी शुरुआत श्रीलंका में की। मैं अपनी अंगुली बर्फ पर रखी और गेंदबाजी के लिए तैयार हुआ। मैच के बाद ऑस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस से जब हेड के इस अजीब से जश्न को इसके बारे में पूछा गया और उन्होंने कहा, 'मैं इसे समझा सकता हूं। उसकी अंगुली इतनी गर्म है कि उसे इसे एक कप बर्फ में डालना पड़ा। यही बात है। कमिंस ने कहा, 'यह आम तौर पर किया जाने वाला मजाक है हालांकि हेड का जश्न पूर्व क्रिकेटर नवजोत सिंह सिद्धू को पसंद नहीं आया जिन्होंने इस ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी के खिलाफ 'कड़ी कार्रवाई की मांग की और इसे' घृणित बताया।

# इंग्लैंड के पूर्व किकेटर ने नितीश की तुलना डिविलियर्स से की

लंदन । इंग्लैंड के पूर्व किकेटर मार्क निकोलस ने भारतीय टीम के युवा ऑलराउंडर नितीश कुमार रेड्डी की जमकर प्रशंसा की है। निकोलस ने कहा कि जिस प्रकार से नितीश ने मेलबर्न टेस्ट में बल्लेबाजी की थी उससे तय है कि वह विश्व क्रिकेट के दूसरे ए बी डिविलियर्स बनकर उभरेंगे। निकोलस ने इस प्रकार नितीश की तुलना डिविलियर्स से की है। दक्षिण अफ्रीका के पूर्व कप्तान और स्टार बल्लेबाज डिविलियर्स अपनी आक्रामक बल्लेबाजी के कारण जाने जाते हैं। नितीश को लेकर निकोलस ने कहा कि, फ्रउनकी ट्रिगर मूवमेंट मुझे डिविलियर्स की याद दिलाती है जिस तरह से वह पीछे जाते हैं और आगे की ओर दबाव डालते हैं, वैसा डिविलियर्स ही करते थे। इसी कौशल से डिविलियर्स ने जमकर रन बनाये हैं। यही अब नितीश कर रहे हैं। साथ ही कहा कि मुझे उनका साहस और अपना समर्थन करने की क्षमता पसंद है। वह शीर्ष पर जाने और दिग्गज ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजों का सामना करने में जरा भी संकोच नहीं करते हैं। वहीं भारतीय टीम के पूर्व कोच रवि शास्त्री ने आगे कहा कि अगले मैच में छह बल्लेबाजों और फिर पांच विशेषज्ञ गेंदबाजों को रखना चाहिये और नितीश को शीर्ष छह बल्लेबाजों में शामिल किया जाना चाहिये। इस सीरीज में नितीश ने अबतक खेले 4 मैच में भारतीय टीम की ओर से सबसे ज्यादा 294 रन बनाये हैं।

## सैमी अप्रैल में संभालेंगे पद

जमैका । वेस्टंडीज के पूर्व कप्तान डेरेन सैमी अप्रैल में वेस्टइंडीज टीम के कोच पद को संभालेंगे। सैमी ने वेस्टइंडीज की ओर से 232 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं। उनकी कप्तानी में वेस्टइंडीज ने दो बार टी20 विश्व कप जीता है। अब बोर्ड ने उन्हें तीनों प्रारुपों में कोच की जिम्मेदारी दी है। सैमी को 2023 में सीमित ओवरों की क्रिकेट टीम में कोच बनाया गया था। सैमी को तब आंद्रे कोल की जगह एकदिवसीय और टी20 टीम का कोच बनाया गया था। इससे पहले सैमी लाल गेंद क्रिकेट में वेस्टइंडीज टीम के अंतरिम कोच थे। सैमी ने बतौर कोच जून में यूएई के खिलाफ एकदिवसय में पहली बार कोचिंग की। विंडीज के पूर्व विकेटकीपर कूले ने पिछले साल जुलाई में भारत के खिलाफ घरेलू सीरीज में अंतिम बार कोचिंग की थी। सैमी के मार्गदर्शन में वेस्टइंडीजी ने सफेद गेंद क्रिकेट में यूएई के खिलाफ एकदिवसीय सीरीज जीती थी जबकि बांग्लादेश और इंग्लैंड के खिलाफ भी उसे जीत मिली थी। इसके बावजूद टीम विश्वकप क्वालीफायर के फाइनल में जगह नहीं बना पाई थी। टीम पिछले काफी समय से एक भी टेस्ट सीरीज नहीं जीत सकी है। उसे भारत, इंग्लैंड और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टेस्ट सीरीज में हार मिली। वहीं उसनें ऑस्ट्रेलिया और बांग्लादेश से ड्रॉ खेला। उसका टेस्ट में सबसे अच्छा प्रदर्शन जनवरी 2024 में आया। तब उसने ने ऑस्ट्रेलिया को गाबा में हराया था। वेस्टइंडीज ने 2023-25 विश्व टेस्ट चैंपियनशिप साइकिल में 11 में से सिर्फ 2 टेस्ट मैच जीते जबकि 7 में उसे हार मिली। डब्ल्यूटीसी पॉइंट टेबल में वेस्टइंडीज सबसे निचले स्थान पर है।



# विश्व ब्लिट्ज़ शतरंज : मैगनस कार्लसन और नेपोमनिशी सयुंक्त विजेता , महिला वर्ग मे वेंजून जीती , वैशाली को कांस्य पदक

**न्यू यॉर्क (एजेंसी)।** फीडे विश्व शतरंज ब्लिट्ज़ चैंपियनशिप का समापन गत वर्ष की अंतिम संध्या को सम्पन्न हो गया और इस बार रोचक तौर पर पुरुष वर्ग में एक की जगह हमें दो विजेता मिले , नॉर्वे के मैगनस कार्लसन और रूस के यान नेपोमनिशी शतरंज के सबसे फटाफट फॉर्मेट के सयुंक्त विजेता रहे जबकि महिला वर्ग में यह खिताब चीन की मौजूदा क्लासिकल विश्व चैम्पियन जू वेंजून नें अपने नाम किया , भारत की वैशाली नें कांस्य पदक अपने नाम किया।

पुरुष वर्ग में क्वाटर फाइनल में मैगनस कार्लसन नें यूएसए के नीमन हंस को 2.5-1.5 से और सेमी फाइनल में पोलैंड के यान डूडा को 3-0 से मात देते हुए फाइनल में प्रवेश किया , वहीं रूस के यान नेपोमनिशी नें क्वाटर फाइनल में हमवतन मुरजिन वोलोदर को 2.5-0.5 से और सेमी फाइनल मे यूएसए के वेसली सो को 3-2 से पराजित करते हुए फाइनल में जगह बनाई।

बेस्ट ऑफ 4 के मुक़ाबले में कार्लसन नें पहले दो मुक़ाबले जीतकर 2-0 से बढ़त बना ली थी और नेपो की हार तय नजर आ रही थी पर नेपो नें शानदार वापसी करते हुए लगातार दो जीत के साथ स्कोर 2-2 से बराबर कर दिया। इसके बाद टाईब्रेक के तौर पर लगातार तीन मुक़ाबले बेनतीजा रहे और उसके बाद मैगनस कार्लसन नें नेपोमनिशी को सयुंक्त विजेता बनने का प्रस्ताव दिया नेपो मान गए पर नियमानुसार परिणाम आने तक मुक़ाबले होने थे , दोनों ने यह प्रस्ताव फीडे को दिया और इसे स्वीकार कर लिया गया और दोनों को सयुंक्त विजेता घोषित कर दोया गया। इस परिणाम को लेकर दुनिया भर के दिग्गज खिलाड़ियों और शतरंज प्रेमियों के बीच एक नयी बहस छिड़ गयी है। सेमी फाइनल में हारने वाले दोनों खिलाड़ियों यान डूडा और वेसली सो को कांस्य पदक दिया गया और इस तरह रजत पदक किसी को मिला ही नहीं !

महिला वर्ग में चीन की जू वेंजून नें हमवतन लेई टिंगजे को एक बेहद कड़े मुक़ाबले में 3.5-2.5 से पराजित करते हुए खिताब जीतकर अपना पहला ब्लिट्ज़ खिताब हासिल कर लिया। वेंजून नें क्वाटर फाइनल में रूस की गुनिना वालेंटीना को 2.5-0.5 से और सेमी फाइनल में भारत की आर वैशाली को इसी अंतर से पराजित करते हुए फाइनल में जगह बनाई जबकि लेई टिंगजे नें कज़ाकिस्तान की बीबीसारा को 2.5-1.5 और रूस की लागनों काटेरयना को 3.5-2.5 से मत देते हुए फाइनल में जगह बनाई थी।




लीग चरण में शीर्ष में रहने वाली भारत की आर वैशाली को कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा , पर शतरंज के इस फॉर्मेट में यह उनका पहला पदक है। भारत को कोनेरु हम्पी को भी रैपिड का स्वर्ण पदक दिया गया और इस तरह भारत नें दो पदको के साथ टूर्नामेंट और साल का अंत किया।

# जनवरी 2025 के व्रत त्योहार

अब 1 जनवरी से अंग्रेजी कैलेंडर का 2025 वां साल शुरू हुआ। इसी में हिंदी कैलेंडर के पौष माह का कृष्ण पक्ष और माघ महीने का कृष्ण पक्ष पड़ेगा। इसके अलावा इस महीने में खरमास खत्म होगा, जिससे शादी विवाह जैसे शुभकाम शुरू हो जाएंगे। इसके अलावा लोहड़ी, पोंगल, मकर संक्रांति, गुरु गोविंद सिंह जयंती, गुप्त नवरात्रि जैसे बड़े पर्व भी पड़ेंगे। आइये जानते हैं जनवरी 2025 के व्रत त्योहार और शादी मुहूर्त क्या हैं...



**जनवरी 2025 के विवाह मुहूर्त**

| विवाह मुहूर्त डेट | नक्षत्र | मुहूर्त समय |
|---|---|---|
| 17 जनवरी, शुक्रवार | मघा चतुर्थी | सुबह 07 :14 से दोपहर 12 :44 |
| 18 जनवरी, शनिवार | उत्तराफाल्गुनी पंचमी | रात 2 :51 से रात 1 :16 बजे तक |
| 19 जनवरी, रविवार | हस्त षष्टी | रात 1 :57 से सुबह 7 :14 |
| 21 जनवरी, मंगलवार | स्वाति अष्टमी | रात 11 :36 से रात 3 :49 बजे तक |
| 24 जनवरी, शुक्रवार | अनुराधा एकादशी | रात 7 :24 से सुबह 7 :07 बजे तक |

**जनवरी 2025 के व्रत-त्योहार की सूची**

| तिथि | व्रत-त्योहार |
|---|---|
| 3 जनवरी | विनायक चतुर्थी |
| 5 जनवरी | स्कंद षष्ठी |
| 06 जनवरी | गुरु गोबिंद सिंह जयंती |
| 10 जनवरी | तैलंग स्वामी जयंती/ पुत्रदा एकादशी, बैकुंठ एकादशी, कूर्म द्वादशी |
| 11 जनवरी | प्रदोष व्रत ( शुक्ल) |
| 12 जनवरी | स्वामी विवेकानंद जयंती |
| 13 जनवरी | लोहड़ी/पौष पूर्णिमा व्रत, शाकंभरी पूर्णिमा |
| 14 जनवरी | मकर संक्रांति, पोंगल और उत्तराण, माघ की शुरुआत |
| 17 जनवरी | संकष्टी चतुर्थी |
| 22 जनवरी | रामलला प्रतिष्ठा दिवस |
| 23 जनवरी | सुभाष चंद्र बोस जयंती |
| 25 जनवरी | षटतिला एकादशी |
| 26 जनवरी | गणतंत्र दिवस |
| 27 जनवरी | प्रदोष व्रत ( कृष्ण), मासिक शिवरात्रि |
| 29 जनवरी | माघ अमावस्या |
| 30 जनवरी | माघ नवरात्रि शुरुआत, गांधीजी की पुण्यतिथि |



# जानिए नाखून पर चंद्रमा का राज क्या है?

## नाखूनों पर चांद बनने का अर्थ

सामुद्रिक शास्त्र के अनुसार,चेहरे,हाथ, पैरों की विशेष बनावट, मौजूद रेखाओं और संकेतों के जरिए व्यक्ति के जीवन से जुड़े विशेष पहलुओं के बारे में अनुमान लगाया जा सकता है। व्यक्ति के शरीर पर कई ऐसे निशान मौजूद होते हैं, जो जीवन में घटित होने वाली कई शुभ-अशुभ घटनाओं का संकेत देते हैं। अपने कई लोगों की उंगलियों के नाखूनों पर चांद जैसी आकृति बनते देखा होगा। नाखून पर दिखाई देने वाले आधे चांद को लुनुला कहते हैं। आइए जानते हैं नाखूनों पर चांद का निशान बनने का क्या मतलब है?

- सामुद्रिक शास्त्र के अनुसार,नाखूनों पर चांद बनने से व्यक्ति को शुभ-अशुभ दोनों परिणाम मिल सकते हैं। यह जीवन में लाभ के साथ कई चुनौतियां भी ला सकता है।
- ऐसी मान्यता है कि जिन लोगों के नाखूनों पर आधा चांद बनता है। वह लोग आर्थिक मामलों में बहुत भाग्यशाली होते हैं और इन्हें जीवन में कभी भी पैसों की दिक्कतों का सामना नहीं करना पड़ता है।
- मान्यता है कि तर्जनी उंगली के नाखूनों पर अर्धचंद्र हो, तो ऐसे लोग स्वाभिमानी होते हैं और अपनी मेहनत के दम पर हर क्षेत्र में कामयाबी हासिल करते हैं।
- सामुद्रिक शास्त्र के अनुसार, मध्यमा उंगली के नाखून पर आधा चांद हो, तो ऐसे लोगों के धनी होने की संभावनाएं रहती है। ये लोग आर्थिक रूप से मजबूत होते हैं, लेकिन विवाह और नौकरी मिलने में देरी होती है।
- मान्यताओं के मुताबिक, अनामिका उंगली पर आधे चांद का निशान व्यक्ति को शिक्षा के क्षेत्र में बेहतरीन कामयाबी दिलाता है। ऐसे लोग बहुत स्वाभिमानी और ईमानदार होते हैं। वहीं कनिष्ठिका उंगली के नाखून पर अर्धचंद्र बनने पर व्यक्ति कड़ी मेहनत कसे यश की प्राप्ति करता है। ऐसे लोग व्यापार, संगीत और एंकरिंग के क्षेत्र में तरक्की करते हैं।
- कहा जाता है कि जिन लोगों के नाखूनों पर आधे चांद का चिन्ह होता है, वह स्वभाव से काफी हेल्पफुल होते हैं और दूसरों की मदद करने के लिए हमेशा तैयार रहते हैं। यह काफी मेहनती भी होते हैं।
- नाखूनों पर आधे चांद का निशान बनना बुद्धिमान व्यक्ति का संकेत माना गया है। मान्यता है कि ऐसे लोग दिल के बहुत साफ होते हैं और दूसरों के बारे में नकारात्मक विचार नहीं रखते हैं।
- सामुद्रिक शास्त्र में उंगलियों के नाखूनों पर धुंधला और अस्पष्ट चांद बनना एक अच्छा संकेत नहीं माना गया है। कहा जाता है कि यह खराब सेहत की ओर इशारा करता है। वहीं, अगर नाखूनों पर बने चांद स्पष्ट और साफ हो, तो ऐसे लोग मानसिक और शारीरिक रूप से मजबूत माने जाते हैं।

# हर स्किन टोन पर अच्छे लगते हैं एक्सपेंसिव दिखने वाले कलर कॉम्बिनेशन

कपड़े खरीदने जाए तो अक्सर कंफ्यूजन हो जाता है कि कौन सा कलर सबसे ज्यादा खूबसूरत लगेगा और, ट्रेडिशनल कपड़ों की शॉपिंग में बहुत ज्यादा टाइम लग जाता है। खासतौर पर जब डस्की स्किन हो। लेकिन अगर पहले से पता हो कि कौन सा कलर कॉम्बिनेशन आपके स्किन टोन से का साथ अट्रैक्टिव दिखेगा तो शॉपिंग करने में ज्यादा टाइम ना लगे। अगर आप एक्सपेंसिव और अट्रैक्टिव लुक चाहती हैं तो इन कलर कॉम्बिनेशन को जरूर ध्यान में रखें। जो हर वार्म और कूल दोनों तरह के टोन के साथ अट्रैक्टिव दिखते हैं।



**रानी पिंक एंड गोल्डन**

ट्रेडिशनल कपड़ों में साड़ी, लहंगा या फिर सूट पहनना चाहती हैं तो पिंक एंड गोल्डन कलर कॉम्बिनेशन आसानी से एक्सपेंसिव लुक दे सकते हैं। ये हर स्किन टोन पर जंचते हैं।

**प्लम एंड टील ग्रीन**

डस्की स्किन टोन है तो प्लम कलर खूबसूरत लगता है। वहीं कूल टोन पर भी ये कलर जंचता है। ऐसे में प्लम एंड टील ग्रीन का कॉम्बिनेशन एक्सपेंसिव होने के साथ ही हर स्किन टोन पर जंचता है।

**मस्टर्ड एंड पिंक**

मस्टर्ड कलर जितना फेयर स्किन पर खूबसूरत दिखता है उतना ही सांवली रंगत पर जंचता है। पिंक के साथ मस्टर्ड का कॉम्बिनेशन एक्पेंसिव और हर स्किन टोन पर अट्रैक्टिव दिखेगा।

**मैजेंटा एंड बीज कलर**

एक्सपेंसिव लुक चाहती हैं तो मैजेंट एंड बीज कलर कॉम्बिनेशन को ट्राई करें। सबसे खास बात कि ये कलर सांवली रंगत, डस्की स्किन से लेकर फेयर स्किन सब पर खूबसूरत दिखता है।

# सुंदरता के साथ बढ़ेगा आपका सौभाग्य और आकर्षण

## नहाने के पानी में जरूर मिलाएं ये 4 चीजें

हमारे डेली रुटीन में नहाना का एक बहुत ही अहम हिस्सा है। अब भले ही सर्दियों में लोगों का नहाना जरूर कुछ कम हो जाए लेकिन फिर भी हफ्ते में दो-चार बार थक हार कर बाथरूम का रुख लोग कर ही लेते हैं। खैर, नहाना महज शरीर की गन्दगी को साफ करने के लिए जरूरी नहीं बल्कि कहीं ना कहीं ये आपको मानसिक शांति और चीजों को बेहतर ढंग से समझने की शक्ति भी देता है। ज्योतिष और वास्तु में भी नहाने का बहुत ही महत्व बताया गया है। हमारे प्राचीन ग्रंथों में कुछ ऐसी चीजों का जिक्र है जिन्हें पानी में मिलाकर नहाने से सौभाग्य, खुशहाली और सुख-समृद्धि में बढ़ोतरी होती है। इतना ही नहीं ये सभी चीजें आपकी खूबसूरती और आकर्षण को बढ़ाने का भी काम करती हैं। तो चलिए आज इन्हीं के बारे में जानते हैं।

**नहाने के पानी में मिलाएं चुटकी भर हल्दी**

लगभग हर भारतीय रसोई में कुछ मिले या ना मिले, हल्दी तो जरूर मिल ही जाती है। ये सिर्फ खाने की रंगत और स्वाद बढ़ाने का ही काम नहीं करती बल्कि इसे आप अपने नहाने के पानी में भी मिला सकते हैं। कहते हैं कि पानी में चुटकी भर हल्दी मिलाकर नहाने से सौभाग्य में वृद्धि होती है। इसके साथ ही हल्दी की प्यूरीफाइंग प्रॉपर्टीज हर तरह की नकारात्मक ऊर्जा को दूर करती है। अगर आप रोजाना पानी में हल्दी मिलाकर नहाते हैं तो ये आपकी त्वचा को साफ-सुथरा बनाने और उसकी रंगत निखारने में भी मदद करती है।

**नहाने के पानी में मिलाएं तुलसी के पत्ते**

तुलसी के पौधे का धार्मिक महत्व तो आपको पता ही होगा, साथ ही सेहत के लिए भी तुलसी के पत्ते किसी वरदान से कम नहीं। नहाने के पानी में यदि तुलसी के कुछ पत्ते या अर्क मिला दिया जाए, तो ये भी स्किन के लिए काफी फायदेमंद होता है। तुलसी के पत्तों में पाए जाने वाले एंटीबैक्टीरियल गुण, त्वचा संबंधी कई परेशानियों को खत्म करने में मददगार होते हैं। साथ ही ये स्ट्रेस लेवल को कम करने में भी काफी हेल्पफुल होता है। ज्योतिष के अनुसार तुलसी के पत्ते मिलाकर नहाने से नकारात्मकता दूर होती है और सौभाग्य में वृद्धि होती है।

**गुलाब की पत्तियों को करें शामिल**

नहाने के पानी में गुलाब की पत्तियों को मिलाना भी काफी फायदेमंद है। सदियों से गुलाब का इस्तेमाल इसके स्किनकेयर बेनिफिट्स के लिए होता रहा है। गुलाब की कुछ पंखुड़ियां पानी में मिलाकर नहाने से त्वचा तो कोमल और ब्राइट होती ही है, साथ ही इसकी खुशबू मूड को बेहतर बनाने और स्ट्रेस को कम करने में भी मदद करती है। इसके साथ ही मान्य है कि गुलाब के पत्तों वाले पानी से नहाने पर जीवन में प्रेम, खुशहाली और सुख-समृद्धि बनी रहती है और सौभाग्य में भी वृद्धि होती है।



**पानी में मिलाएं चंदन के तेल की कुछ बूंदे**

चंदन का इस्तेमाल भी सदियों से अपनी खूबसूरती को निखारने के लिए होता आया है। यूं तो आप चंदन पाउडर की उबटन बनाकर भी नहा सकते हैं,लेकिन पानी में चंदन के तेल की कुछ बूंदे मिलाकर नहाना सबसे आसान और कारगर तरीका है। ये सिर्फ आपकी त्वचा में निखार लाने और उसे खुशबूदार बनाने का ही काम नहीं करता,बल्कि ज्योतिष के अनुसार ये जीवन में गुड लुक और पॉजिटिविटी अट्रैक्ट करने का भी काम करता है। इसके साथ ही इसकी भीनी खुशबू मूड को तुरंत खुशनुमा बनाकर ताजगी और सुकून देती है।

# नया साल आते ही रसोई में जरूर कर लें ये बदलाव, सेहत रहेगी दुरुस्त



साल 2024 खत्म हो गया है और इस साल लोगों ने हेल्थ को लेकर काफी जागरुकता दिखाई। अच्छे सेहत की शुरुआत हेल्दी किचन से होती है। इसलिए लोगों ने हेल्दी खानपान के साथ ही काफी सारे अनहेल्दी और हार्मफुल रसोई के सामानों को ना इस्तेमाल करने की सलाह दी। जनवरी शुरू होने के साथ ही आप भी अपने रसोई में इन बदलावों को जरूर कर लें। जिससे हेल्दी रहना आसान हो सके।

**नॉनस्टिक बर्तनों को कहें बॉय**

नये साल का रिजॉल्यूशन लेना चाहते हैं तो इस साल अपनी रसोई से सभी तरह के नॉनस्टिक पैन, तवा, कड़ाही जैसे बर्तनों को टाटा-बॉय बोल दें। इसके बाद आयरन के बने तवा और कड़ाही का इस्तेमाल करें।

**एल्यूमिनियम फॉइल को कहें ना**

एल्यूमिनियम फॉइल में रोटी या पराठा लपेटने की आदत को कहें ना। नये साल से हेल्दी हैबिट फॉलो करनी है तो अपनी रसोई से एल्यूमिनियम फॉइल को निकालकर किसी कपड़े या बटर पेपर में रोटी, पराठा लपेटने की आदत लगाएं।

**लिक्विड डिशवॉशर को बोलें ना**

काफी सारी रिसर्च में खुलासा हो चुका है कि लिक्विड डिशवॉशर सोप में कई तरह के हार्मफुल केमिकल होते हैं। ऐसे में लिक्विड डिशवॉश जेल को रसोई से बाहर कर दें।

**किचन को करें डिक्लटर**

किचन में मौजूद गैर जरूरी चीजें इस साल जरूर साफ कर लें। जिन चीजों का इस्तेमाल नहीं करते उन्हें फौरन रसोई से बाहर करें और रसोई को डिक्लटर करें।

# बच्चों की सफलता के लिए जरूरी है ऐसी दिनचर्या...

*जीवन में आगे बढ़ना है और सफलता पानी है, तो एक सही दिनचर्या का होना बेहद जरूरी है। एक अच्छी दिनचर्या का पालन करने से सभी काम सही समय पर पूरे होते हैं, साथ ही व्यक्ति मानसिक और शारीरिक रूप से भी उन्नति करता है। अगर बचपन में ही मां-बाप बच्चों की दिनचर्या पर ध्यान दें तो ये भविष्य में उनकी उन्नति के रास्ते खोल देता है। श्री प्रेमानंद जी महाराज ने अपने सत्संग के दौरान बच्चों की सही दिनचर्या कैसी हो इसपर विस्तृत चर्चा की है। साथ ही उन्होंने बच्चों की उन्नति के लिए सही दिनचर्या के होने का महत्व भी बताया है। आप भी अपने बच्चों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए महाराज श्री की बताई हुई दिनचर्या का पालन उनसे करा सकते हैं।*

**प्रातः काल ब्रह्ममुहुर्त में उठने की डालें आदत**

सुबह सूर्योदय से पूर्व बिस्तर छोड़ देना चाहिए। ब्रह्ममुहुर्त का समय यानी 4 बजे का समय सुबह उठने के लिए सबसे उपयुक्त माना गया है। सुबह उठते ही सबसे पहले धरती माता को प्रणाम करें और फिर संतों और भगवान का नाम लेते हुए आसान का त्याग करें। इसके बाद अपने माता-पिता के चरणस्पर्श कर उनका आशीर्वाद लेना ना भूलें। इसके बाद वज्रासन में बैठकर लगभग आधा या एक लीटर गर्म पानी पीएं और 100 से 200 कदम टहलें। इससे पेट आसानी से साफ होगा जिससे शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य दोनों दुरुस्त रहेंगे।

**ऐसा हो सुबह का रूटीन**

बच्चों को फ्रेश होने के तुरंत बाद स्नान कर लेना चाहिए। स्नान के बाद कुछ समय धूप में बैठकर योग और प्राणायाम करें। दंड बैठक, प्राणायाम, सूर्य नमस्कार, आलोम-विलोम जैसे योगासन बच्चे के रूटीन में जरूर शामिल करें। इसके तुरंत बाद बच्चों को पढ़ाई करने बैठ जाना चाहिए। महाराज श्री के अनुसार जो भी कक्षा में पढ़ाया जा चुका है, उसका रिवीजन करें या कोई भी होम वर्क मिला हो उसे पूरा करें। इस समय याद की गई चीजें बहुत ज्यादा दिनों तक स्मृति में बनी रहती हैं। इसलिए इस समय पढ़ाई करना बेहद अच्छा माना गया है।



**बुरे संग से रहें दूर**

बच्चे कच्ची मिट्टी की तरह होते हैं, उन्हें जैसे मोड़ दिया जाए वो उसी आकार में ढल जाते हैं। ऐसे में जरूरी है कि बच्चे गलत संगत से दूर रहें। माता-पिता को अपने बच्चों को यह जरूर सिखाना चाहिए कि यदि कोई बच्चा या कोई भी इंसान उन्हें कोई गंदी चीज दिखा रहा है या बोल रहा है, तो वो उसे तुरंत अपने अध्यापक और माता-पिता से कहें।

**बच्चों को खिलाएं सात्विक आहार**

बच्चे भले की कितना भी बाहर का जंक फूड या पैकेट वाला भोजन खाना पसंद करते हों लेकिन माता-पिता को उनके आहार का पूरा ध्यान रखना चाहिए। ऐसे में बच्चों को घर का बना साफ-सुथरा सात्विक आहार ही खिलाएं। जैसा भोजन हम खाते हैं, उसका असर हमारे विचारों और बुद्धि पर भी पड़ता है।

**रात के समय ऐसी हो दिनचर्या**

रात में सोने से पहले बच्चों को भगवान का नाम लेना चाहिए। इस दौरान उन्हें मोबाइल फोन, टीवी जैसी चीजों से दूर रहना चाहिए। भगवान को दिन के लिए धन्यवाद कहें, उनका नाम जप करें और अपने दिन को भगवान को समर्पित करें।

# रोज-रोज नहीं खाने चाहिए ये ड्राई फ्रूट

**शरीर को हेल्दी बनाए रखने के लिए खानपान का ध्यान रखना सबसे ज्यादा जरूरी होता है। संपूर्ण पोषण के लिए रोजाना का थाली भर भोजन ही काफी नहीं होता, बल्कि हमें और भी एक्स्ट्रा चीजों को अपनी डाइट का हिस्सा बनाना पड़ता है। ड्राई फ्रूट्स यानी सूखे मेवे इन्हीं में से एक हैं। हम सभी को बचपन से ये बताया जाता है कि ड्राई फ्रूट्स हमारी सेहत के लिए कितने फायदेमंद हैं इसलिए रोज मुट्ठी भर सूखे मेवे चबाए बिना हमारा दिन ही नहीं बनता। इस बात में पूरी सच्चाई है कि सूखे मेवे हमारे शरीर को जरूरी पोषक तत्व देने का काम करते हैं इसलिए कुछ ड्राई फ्रूट्स हमें रोजाना खाने भी चाहिए। हालांकि कुछ ऐसे ड्राई फ्रूट्स भी हैं जिन्हें रोजाना खाने से परहेज करना चाहिए। आइए आज उन्हीं के बारे में जानते हैं।**



**रोज ना खाएं काजू**

काजू एक ऐसा ड्राई फ्रूट है जो लगभग सभी को पसंद आता है। यह खाने में तो टेस्टी होता ही है, साथ ही कई पोषक तत्वों से भी भरपूर होता है। यह शरीर के लिए कई तरह से फायदेमंद भी है लेकिन फिर भी एक सीमित मात्रा में ही इसका सेवन करने की सलाह दी जाती है। दरअसल काजू में भरपूर मात्रा में फैट और कैलोरी पाई जाती हैं। इसलिए रोज-रोज और अधिक मात्रा में काजू का सेवन करने से शरीर का वजन तेजी से बढ़ सकता है। इसके साथ ही ये शरीर के कोलेस्ट्रॉल लेवल को भी प्रभावित कर सकता है, जिससे हार्ट पर भी बुरा इफेक्ट पड़ सकता है।

**सीमित मात्रा में खाएं ब्राजील नट**

ब्राजील नट जिसे हिंदी में त्रिकोणफल के नाम से भी जाना जाता है, मुख्य रूप से साउथ अमेरिका में पाया जाता है। विटामिन और मिनरल से भरपूर ये ड्राई फ्रूट, सुपर फूड की तरह काम करता है। यह शरीर और दिमाग दोनों की सेहत को दुरुस्त रखने में मदद करता है। हालांकि इस ड्राई फ्रूट को भी अधिक मात्रा में खाने से फायदे की जगह नुकसान हो सकता है। दरअसल ब्राज़ील नट में भरपूर मात्रा में सेलेनियम पाया जाता है। ऐसे में इसे अधिक मात्रा में खाने से सेलेनियम टॉक्सिसिटी के साथ-साथ सिर दर्द, बदन दर्द और थकान की समस्या हो सकती है।

हेजलनट हार्ट की मजबूती से लेकर, शुगर कंट्रोल करने तक हेजलनट को खाने के कई फायदे हैं। इसका सेवन करने से हड्डियां मजबूत होती हैं और शरीर की इम्युनिटी भी बूस्ट होती है। इतना फायदेमंद होने के बावजूद हेजलनट को सीमित मात्रा में ही खाना चाहिये। साथ ही इसे रोज-रोज खाने से भी बचना चाहिए। दरअसल हेजलनट में फैट और कैलोरी बहुत ही अधिक मात्रा में पाए जाते हैं। इसलिए इसे अधिक खाने से शरीर का वजन तो बढ़ सकता ही है, साथ ही हार्ट संबंधी बीमारियां का खतरा भी बढ़ सकता हैं।

**पाइन नट भी है लिस्ट में**

रोज ना खाए जाने वाले ड्राई फ्रूट्स की लिस्ट में पाइन नट का भी नाम शामिल है। यूं तो पाइन नट शरीर के लिए कई तरह से फायदेमंद है। इसमें ओमेगा 3 फैटी एसिड पाया जाता है, जिसका उचित मात्रा में सेवन करने से लाभ मिलता है। हालांकि अगर इसे ज्यादा मात्रा में खाया जाए तो यह शरीर को लाभ पहुंचाने के बजाय, नुकसान भी पहुंचा सकता है। ये ड्राई फ्रूट भी फैट और कैलोरी से भरपूर होता है, जिसका अधिक सेवन करने से वजन बढ़ने की समस्या और कोलेस्ट्रॉल मैनेजमेंट में काफी परेशानी हो सकती है।



# 'आशिकी' एक्ट्रेस अनु ने छोटी सी ड्रेस में किया डांस

## यूजर्स बोले- क्या घटियापन है? कुछ तो क्लास रखो



नब्बे के दशक में फिल्म 'आशिकी' से रातोंरात स्टार बनीं अनु अग्रवाल इस वक्त अपने एक वीडियो लेकर चर्चा में हैं, जिसे कारण यूजर्स के निशाने पर आ गई हैं। अनु अग्रवाल ने हाल ही सोशल मीडिया पर एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें वह छोटी सी ड्रेस पहने नजर आ रही हैं। अनु अग्रवाल ने वीडियो शेयर कर अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर लिखा, 'जमकर पार्टी करना, जमकर मेहनत करना और मेडिटेशन मेरा मोटो है।' लेकिन अनु अग्रवाल अपने पहने कपड़ों और डांस करने के तरीके के कारण यूजर्स के निशाने पर आ गईं। एक यूजर ने लिखा, 'क्या बकवास है। प्लीज अनु अपनी क्लास मेनटेन रखो। हमें तुम 'आशिकी' में बहुत अच्छी लगी थीं। उसे बर्बाद मत करो।' एक और यूजर ने लिखा, 'क्लासी बनो। ये क्या घटियापन है?' एक और कमेंट है, 'ये इतना चीप डांस क्यों कर रही है?' एक यूजर ने कमेंट किया, 'ये 2024 है 1990 नहीं मैडम। कब तुम बड़ी होगी और ये बच्चों का फ्रॉक पहनना बंद करोगी?' मालूम हो कि 'आशिकी' जैसी हिट के बाद अनु अग्रवाल ने कुछ और फिल्मों में काम किया था, पर वो नहीं चलीं। इसके बाद एक्ट्रेस ने एक्टिंग से ब्रेक ले लिया था। साल 1999 में अनु अग्रवाल का जानलेवा एक्सीडेंट हुआ, जिसके कारण वह 29 दिन तक कोमा में रही थीं और चेहरा भी बिगड़ गया था। इसके कारण अनु अग्रवाल की याददाश्त भी चली गई।

# दोबारा रिलीज हो रही है 'कहो ना...प्यार है'



बॉलीवुड एक्टर ऋतिक रोशन की पहली फिल्म 22 साल बाद सिनेमाघरों में दोबारा रिलीज होने जा रही है। दरअसल, 10 जनवरी के दिन ऋतिक रोशन का 50वां जन्मदिन है। ऐसे में उनकी इस रोमांटिक फिल्म को थिएटर्स में एक बार फिर रिलीज किया जा रहा है। साल 2000 में आई इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा दिया था। आइए आपको इस फिल्म का नाम बताते हैं। इस फिल्म का नाम है 'कहो ना...प्यार है'। साल 2000 की शुरुआत में आमिर खान और ट्विंकल खन्ना की फिल्म 'मेला' रिलीज हुई थी। हालांकि ये फिल्म लोगों का मनोरंजन करने में नाकामयाब रही। फिर एक हफ्ते बाद ऋतिक रोशन और अमीषा पटेल की 'कहो ना...प्यार है' रिलीज हुई। इस फिल्म ने लोगों को अपना दीवाना बना डाला। फिल्म आते ही सिनेमाघरों में छा गई। साल 1998 में जब इस फिल्म की शूटिंग शुरू हुई थी तब फिल्म में ऋतिक और करीना कपूर लीड रोल में थे। करीना ने फिल्म की 10% शूटिंग भी पूरी कर ली थी। हालांकि, फिल्म के निर्देशक राकेश रोशन और करीना कपूर की मां बबीता के बीच किसी बात को लेकर सहमति नहीं बन पाई। ऐसे में करीना को फिल्म से हटा दिया गया और अमीषा पटेल की फिल्म में एंट्री हो गई। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, फिल्म ने कुल 92 अवॉर्ड्स जीते थे। ऐसे में सबसे ज्यादा अवॉर्ड्स जीतने की वजह से 'कहो ना...प्यार है' को 'गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स' के 2002 एडिशन में शामिल किया गया था। इसके साथ ही, इस फिल्म को 'लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड्स' (2003) में भी शामिल किया गया था। बता दें, इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर कुल 276.87 करोड़ रुपये की कमाई की थी।

# 'वो पुष्पा बना भी नहीं पाएंगे'

## अनुराग कश्यप ने बॉलीवुड को लताड़ा



'गैंग्स ऑफ वासेपुर' और 'रमन राघव 2.0' जैसी कल्ट फिल्में बना चुके निर्देशक अनुराग कश्यप ने फिर एक बार हिंदी सिनेमा के मॉर्डन फिल्ममेकर्स को लताड़ा है। एक हालिया इंटरव्यू में साउथ के सुपरस्टार एक्टर अल्लू अर्जुन की फिल्म पुष्पा-2 की तारीफ करते हुए अनुराग कश्यप ने कहा कि अब सिनेमा जगत में अब फिल्ममेकर्स रिस्क नहीं लेना चाहते हैं।

अनुराग कश्यप ने कहा कि बॉलीवुड फिल्मेकर्स का फोकस यूनिवर्स बनाने पर है जबकि उन्हें खुद ही अपना यूनिवर्स समझ में नहीं आ रहा है। अनुराग कश्यप ने हिंदी पट्टी के फिल्ममेकर्स को लताड़ते हुए कहा कि वो खुद को भगवान समझने लगे हैं। अनुराग कश्यप ने द हॉलीवुड रिपोर्टर इंडिया के साथ बातचीत में कहा, उन्हें कुछ समझ नहीं आता। वो पुष्पा बना भी नहीं पाएंगे। वो नहीं बना पाएंगे क्योंकि उनमें फिल्म बनाने लायक दिमाग ही नहीं है। उन्हें नहीं पता कि फिल्ममेकिंग होती क्या है। पुष्पा सिर्फ सुकुमार ही बना सकते हैं। साउथ में वो लोग फिल्ममेकर्स पर इनवेस्ट करते हैं और उन्हें वैसी चीजें देते हैं कि फिल्में बनाई जा सकें। यहां हर कोई एक यूनिवर्स बनाने में लगा हुआ है। क्या उन्हें खुद भी अपना यूनिवर्स समझ में आ रहा है? कि इसे कितने खराब ढंग से गढ़ा गया है। बस यहीं बात अहंकार की आ जाती है। जब आप एक यूनिवर्स बना रहे हैं तो आप सोचने लगते हैं कि आप भगवान हैं।

बता दें कि सुकुमार के निर्देशन में बनी फिल्म पुष्पा-2 अभी तक बॉक्स ऑफिस पर तकरीबन 1800 करोड़ रुपये की कमाई कर चुकी है। फिल्म ने जवान और पठान समेत कई बड़े रिकॉर्ड तोड़ डाले हैं। अब इसकी नजर आमिर खान की फिल्म दंगल पर है जिसकी कमाई का रिकॉर्ड यह फिल्म जल्द ही तोड़ देगी। हाल ही में आमिर खान की टीम ने पोस्ट करके अल्लू अर्जुन और उनकी पूरी टीम को इस फिल्म के लिए शुभकामनाएं दी थीं। वर्क फ्रंट की बात करें तो अल्लू अर्जुन अब अपनी अगली फिल्म पर फोकस कर रहे हैं।

# कृति सेनन ने दिया अपने बॉयफ्रेंड को धोखा?



बॉलीवुड एक्ट्रेस कृति सैनन अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर फिर एक बार सुर्खियों में हैं। आदिपुरुष फेम एक्ट्रेस के पॉडकास्ट का एक क्लिप इंटरनेट पर वायरल है जिसमें वह अपनी निजी जिंदगी के बारे में कह रहे हैं कि अगर किसी ने उनके साथ गलत किया है तो वह उसे दोबारा मौका नहीं दे पाती हैं।

एक्ट्रेस के इसी इंटरव्यू के वीडियो पर एक यूजर ने जो कमेंट किया है वो इंटरनेट पर वायरल हो गया है। यह सोशल मीडिया यूजर खुद को एक्ट्रेस का कॉलेज मेट होने का दावा कर रहा है।

सोशल मीडिया यूजर ने कमेंट में लिखा, कृति मेरे कॉलेज जेपी यूनिवर्सिटी से हैं, साथ ही उनका एक काफी रईस बॉयफ्रेंड था। वह उसी बॉयफ्रेंड के पैसों पर निर्भर थीं और यहां तक कि उस बंदे ने एक्ट्रेस को मुंबई शिफ्ट होने में भी मदद की, जहां दोनों साथ में रहते थे। लेकिन पहली फिल्म मिलने के बाद उनका (कृति) का बर्ताव नाटकीय ढंग से बदल गया, और तकरीबन 6 महीने के बाद कृति सैनन ने उसे चीट करना शुरू कर दिया। कृति सैनन के इस पॉडकास्ट पर यूजर ने आगे लिखा, ₹वह धोखा खाने के बाद पूरी तरह टूट गया था, वह गीक्स फॉर गीक्स के मैनेजर का अच्छा दोस्त था।

मैं यह सब इसलिए भी जानता हूं क्योंकि मैंने उस मैनेजर के अंडर काम किया है। वो मैनेजर, वो बंदा, और मैं, सभी एक ही कॉलेज में पढ़े हैं। हालांकि हम सभी के बैच अलग-अलग थे। इस क्लिप पर कई लोगों ने अपने-अपने रिएक्शन दिए हैं। लोगों एक तरफ जहां इस बात पर यकीन नहीं हो रहा है वहीं दूसरी तरफ कृति सैनन के फैंस सपोर्ट में आगे आ गए हैं।



# शिरड़ी के साईं धाम पहुंची सलमान खान की मां सलमा और बहन अलवीरा

सलमान खान के घर में सभी धर्मों को माना जाता है। ईद हो या दिवाली, घर पर जश्न का माहौल बना रहा है। उनकी मां सलमा खान की साईं बाबा में इतनी आस्था है कि उम्र के इस पढ़ाव पर भी वो खुद शिरड़ी पहुंच गईं। सलमा खान की नई तस्वीरें सामने आई हैं जिसमें उन्हें शिरड़ी के साईं मंदिर में बाबा की मूर्ति दी जा रही है। इन तस्वीरों में एक्टर की बहन अलवीरा खान और उनके पति अतुल अग्निहोत्री भी हैं। शिरड़ी के साईं धाम पहुंची सलमा खान बाबा के दर्शन के बाद फोटो के पोज करती नजर आ रही हैं। मंदिर के ट्रस्ट की तरफ से बाबा की पीली चुनरी और उनकी तस्वीर, मूर्ति से सम्मानित किया जा रहा है। सलमा खान के माथे पर बाबा के नाम का टीका भी देखा जा सकता है। इन तस्वीरों में एक्टर की बहन अलवीरा और अतुल अग्निहोत्री भी दिख रहे हैं। सलमा खान हाल में बेटे सलमान खान के लिए होस्ट किए गए बर्थडे सेलिब्रेशन में शामिल हुई थीं। उन्हें अंबानी परिवार के साथ जामनगर में देखा गया था। बीती शाम ही खान परिवार मुंबई वापस लौटा है। और आज सलमा खान बाबा के दर्शन के लिए शिरड़ी धाम पहुंच गईं। बता दें, सलमा खान का असली नाम सुशीला चरक है। उन्होंने सलीम खान से 1964 में परिवार के खिलाफ जा कर शादी की थी। शादी के बाद वो सुशीला से सलमा हो गईं। सलमा खान के चार बच्चे हैं जिसमें सलमान खान सबसे बड़े हैं। सलमा अपने बेटों के साथ सौतन हेलेन के भी करीब हैं। हाल में दोनों का डांस करते हुए का एक वीडियो सामने आया था।

# रुबीना दिलैक ने शेयर की साल की बेस्ट तस्वीरें



टीवी एक्ट्रेस रुबीना दिलैक सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव हैं। वो अपने फैंस के साथ लाइफ से जुड़ी हर अपडेट शेयर करती देखी गई हैं। हाल में उन्होंने अपना फोटोशूट शेयर फैंस को अपने ट्रांसफॉर्मेशन से हैरान कर दिया था। अब उन्होंने अपनी बेटियों ईधा और जीवा के साथ की तस्वीरें शेयर की हैं। रुबीना ने पोस्ट के कैप्शन में बताया है कि ये तस्वीरें इस जाते हुए साल की खूबसूरत यादें हैं। इन तस्वीरों में रुबीना अपनी दोनों बेटियों, माँ, पति अभिनव शुक्ला के साथ नजर आ रही हैं। माँ बनने के बाद रुबीना एक लंबे ब्रेक पर थीं। पहली तस्वीर में रुबीना अपनी जुड़वा बेटियों को लिए दूध पिला रही हैं। अगली तस्वीर में अभिनव बेटी को लिए पुशअप्स कर रहे हैं। एक्ट्रेस ने अभिनव के साथ अपने ट्रिप की भी वीडियोज शेयर की हैं। रुबीना दिलैक पिछले साल नवंबर में जुड़वा बेटियों की माँ बनी थीं। अब ईधा और जीवा एक साल की हो गई हैं। एक्ट्रेस अक्सर बेटियों के साथ क्वालिटी टाइम बिताते हुए की तस्वीरें शेयर करती हैं। उनकी इस मदरहुड जर्नी में उनकी माँ साथ दे रही हैं। जब भी रुबीना को शूटिंग के लिए जाना होता है तो ऐसे में बच्चों की नानी उनकी माँ बन कर ख्याल रखती हैं। अभिनव भी दोनों बेटियों की परवरिश में अपना पूरा योगदान दे रहे हैं। वर्क फ्रंट की बात करें तो रुबीना बिग बॉस 14 का खिताब जीतने के बाद अपने टीवी सीरियल अस्तित्व में नजर आई थीं। बाद में अपनी प्रेग्नेंसी की वजह से उन्होंने लंबा ब्रेक लिया। लेकिन इस दौरान वो अपने यूट्यूब चैनल पर लगातार नजर आ रही हैं। बेटियों के जन्म के बाद भी एक्ट्रेस अपने यूट्यूब शो चला रही हैं। इसके साथ ही उन्हें लाफ्टर शेफ के दूसरे सीजन में बिग बॉस के अपने कॉम्पीटीटर राहुल वैद्य के साथ दिखने वाली हैं। शो का प्रोमो सामने आ चुका है।

# अधूरी ही रिलीज कर दी गई थी फिल्म 'जंग'

## फिर भी बॉक्स ऑफिस पर तोड़ दिए कई रिकॉर्ड



संजय दत्त और निर्देशक संजय गुप्ता ने अनुराग कश्यप और नीरज बोहरा के साथ बनाई खुद की ही एक फिल्म देखने से दर्शकों को मना कर दिया था। फिल्म के एक्टर, डायरेक्टर्स और बाकी की टीम ने लोगों को मना किया था कि यह फिल्म देखने मत जाइए, लेकिन बावजूद इसके पब्लिक काफी तादात में यह फिल्म देखने सिनेमाघरों में पहुंची और यह ब्लॉकबस्टर हिट हो गई। संजय गुप्ता ने पब्लिक से अपनी ही फिल्म देखने के लिए इनकार कर दिया था क्योंकि प्रोड्यूसर की वजह से उनका काफी ज्यादा दिमाग खराब हो गया था और वह फिल्म ठीक से बना ही नहीं पाए थे। संजय गुप्ता ने खुद अपने एक इंटरव्यू में इस बारे में बताया था।

फिल्म के बारे में बताते हुए संजय गुप्ता ने अपने एक इंटरव्यू में कहा, एक पिक्चर थी 'जंग', उसका प्रोड्यूसर था सतीश टंडन। जिसने लाइफ में एक ही पिक्चर बनाई। फिल्म अधूरी थी, तो मैं जाकर उनके मिला कि सतीश जी वो गानों का करना है तो साउथ अफ्रीका की प्लानिंग कर लेते हैं। इतनी कमाल लाइन बोली थी ना उन्होंने मुझे। उसने बोला- संजय जी साउथ अफ्रीका तो मैं नहीं जा रहा, यह तो आप लिखकर ले लो मुझसे। बाकी लिंकिंग रोड और फिल्म सिटी के बीच में जहां शूटिंग करनी है कर लो।



# जब भाग्यश्री को लगा फ्लर्ट कर रहे हैं सलमान



बॉलीवुड सुपरस्टार सलमान खान और भाग्यश्री की फिल्म 'मैंने प्यार किया' बॉक्स ऑफिस पर काफी बड़ी हिट रही। सूरज बड़जात्या के निर्देशन में बनी इस फिल्म के दौरान भाग्यश्री हिमालय दासानी के साथ रिलेशनशिप में थी और यह पहला मौका था जब उन्हें अपने घर-परिवार से दूर रहना था। फिल्म की शूटिंग के दौरान एक तो भाग्यश्री बहुत अकेला महसूस कर रही थीं और इसी बीच कुछ ऐसा हुआ जब एक्ट्रेस को लगा कि सलमान खान उनके साथ फ्लर्ट कर रहे हैं। एक इंटरव्यू में भाग्यश्री ने यह किस्सा सुनाया और बताया कि कैसे सलमान खान उनके बेस्ट फ्रेंड बन गए। एक्ट्रेस से जब पूछा गया कि वह पहला गाना कौन सा था जो आपने मैंने प्यार किया के लिए शूट किया था?

मुझे लगता है यह 'दिल दीवाना' था। भाग्यश्री ने बताया कि यह मेरा पहला आउटडोर शूट था और साथ ही साथ यह पहली बार था जब सलमान खान को मेरी रिलेशनशिप के बारे में पता चला। मैं पहली बार अपने परिवार से इतने लंबे वक्त के लिए दूर थी। तकरीबन एक महीना हो गया था और हम ऊटी में शूटिंग कर रहे थे। मैं बहुत अकेला महसूस कर रही थी क्योंकि मेरा परिवार मेरे साथ नहीं था। उन दिनों हमारे पास सेलफोन नहीं होते थे तो मैं किसी से बात नहीं कर सकती थी।

मैं हिमालय को मिस करती थी और उसे ट्रंक कॉल किया करती थी। तो यह वक्त बहुत अकेलेपन में बीत रहा था। सलमान खान की को-स्टार रहीं एक्ट्रेस ने बताया, ₹हमें अचानक से दिल दीवाना की शूटिंग करनी थी और एक दिन सलमान खान मेरे पास आकर बैठे और उन्होंने मेरे कान में दिल दीवाना सॉन्ग गाना शुरू कर दिया। वह हमेशा ही सेट पर बहुत जेंटलमेन जैसा बर्ताव किया करते थे और बहुत अच्छे से रहते थे। उस दिन मैं समझ नहीं पाई।

मुझे लगा कि वह लाइन क्रॉस कर रहे हैं और फ्लर्टिंग से भी आगे बढ़ रहे हैं। मुझे लगा कि वह ऐसा क्यों कर रहे हैं। अजीब बात यह थी कि मैं जहां भी जा रही थी वो मुझे फॉलो कर रहे थे और मेरे पीछे-पीछे गाना गाते जा रहे थे। मुझे लगा कि यह हो क्या रहा है।

# नगर मजिस्ट्रेट ने सड़क पर सो रहे बेसहारों को कम्बल बांटे

**नोएडा ( चेतना मंच )।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप शीत लहरी एवं



ठंड को दृष्टिगत रखते हुए जनपद में गरीब एवं असहाय लोगों को ठंड से सुरक्षित रखने हेतु डीएम मनीष कुमार वर्मा के नेतृत्व में राजस्व विभाग के अधिकारियों द्वारा जनपद में विभिन्न स्थानों पर रैन बसेरों का संचालन, अलाव तथा अन्य राहत कार्य कराये जा रहे हैं।

इसी कड़ी में डीएम मनीष कुमार वर्मा के निदेशकों क्रम में नगर मजिस्ट्रेट नोएडा विवेकानंद मिश्रा ने नोएडा में रात्रि कालीन भ्रमण करते हुए सड़क किनारे फुटपाथ पर सो रहे लोगों को रैन बसेरों में शिफ्ट कराया और उनको बताया कि जिला प्रशासन की ओर से जनपद में रैन बसेरे बनाए गए हैं, आप खुले आसमान या सड़क किनारे फुटपाथ पर न सोए। उन्होंने आम जनमानस से भी अपील करते हुए कहा कि यदि उनको भी कोई व्यक्ति खुले आसमान में सड़क किनारे फुटपाथ पर सोता हुआ मिले तो, उसको रैन बसेरे के संबंध में बताएं कि वह ऐसे खुले में ना सोकर जिला प्रशासन द्वारा संचालित किये जा रहे रैन बसेरों में प्रवास कर सकते हैं। साथ ही इस दौरान उन्होंने जरूरतमंद लोगों को कंबल भी वितरित किए।

नगर मजिस्ट्रेट नोएडा ने कहा कि आगे भी जिलाधिकारी के नेतृत्व में इसी प्रकार से रात्रि कालीन भ्रमण करते हुए सड़क किनारे या खुले आसमान में सो रहे लोगों को रैन बसेरों में शिफ्ट कराया जाएगा एवं जरूरतमंद लोगों को कंबल वितरित किए जाएंगे।

# स्टाम्पवादों व अपीलों के निस्तारण का होगा समाधान

**नोएडा ( चेतना मंच )।** सहायक आयुक्त स्टांप प्रथम




बीएस वर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि उत्तर प्रदेश शासन द्वारा न्यायालयों में लंबित समस्त स्टाम्पवादों/स्टाम्प अपीलों एवं स्टाम्प निगरानियों में समाधान योजना लागू कर दी गयी है, जिसमें स्टाम्पवादों/स्टाम्प अपीलों एवं स्टाम्प निगरानियों के पक्षकार कमी स्टाम्प एवं निबंधन शुल्क मय ब्याज जमा करके मात्र 100/- रू0 टोकन अर्थदण्ड पर अपने प्रकरणों का निस्तारण करा सकते है। सहायक आयुक्त स्टांप प्रथम ने सर्व साधारण से अपील करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश शासन द्वारा घोषित इस समाधान योजना का लाभ उठाते हुए जनपद गौतमबुद्धनगर के स्टाम्प न्यायालयों यथा न्यायालय जिलाधिकारी गौतमबुद्ध नगर, न्यायालय अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) गौतमबुद्धनगर, न्यायालय सहायक आयुक्त स्टाम्प प्रथम गौतमबुद्धनगर तथा न्यायालय सहायक आयुक्त स्टाम्प द्वितीय, गौतमबुद्धनगर में अपने लंबित स्टाम्प के मुकदमों का निस्तारण कराये। उन्होंने बताया कि यह योजना सीमित अवधि के लिए है।

# नव वर्ष पर 22 करोड़ रुपये के जाम छलके

## पूर्व वर्ष के मुकाबले 20-25 फीसदी की हुई वृद्धि : सुबोध श्रीवास्तव

**नोएडा ( चेतना मंच )।** गौतमबुद्धनगर में शराब के शौकीनों ने इस बार नए साल की पूर्व संध्या पर एक नया रिकॉर्ड बना दिया। 31 दिसंबर तथा नव वर्ष पर शराब की बिक्री में ऐतिहासिक उछाल आया, जब एक ही दिन में लगभग 22 करोड़ रुपए की शराब बिक गई। यह आंकड़ा पिछले वर्षों की तुलना में कहीं अधिक था, जिससे शराब के व्यापार में एक अभूतपूर्व वृद्धि दर्ज की गई।



नववर्ष की शाम को लेकर शराब के शौकीनों ने जमकर खरीदारी की और नए साल के जश्न में करोड़ों की शराब पी डाली। इस दिन शराब की बिक्री में हुई भारी वृद्धि ने सभी रिकॉर्ड्स को पीछे छोड़ दिया। जिले के आबकारी अधिकारी सुबोध कुमार के अनुसार, यह आंकड़ा पिछले वर्ष की तुलना में कहीं अधिक था, जो इस बात को दर्शाता है कि इस साल नए साल के सेलिब्रेशन में शराब की मांग अधिक रही।

साल के आखिरी दिन तथा नव वर्ष पर लगभग 22 करोड़ की शराब बिकने का आंकड़ा गौतमबुद्धनगर जिले के लिए नया रिकॉर्ड है। इस बिक्री में विभिन्न प्रकार की शराब, बीयर और अन्य मादक पेय शामिल थे। जिला आबकारी विभाग के अनुसार, पिछले वर्ष के मुकाबले इस बार बिक्री में 20 से 25 प्रतिशत का इजाफा हुआ है।

सुबोध कुमार, जिला आबकारी अधिकारी ने बताया कि इस प्रकार की बिक्री के लिए विभाग ने पहले से ही तैयारियां कर रखी थीं। विभाग ने सुनिश्चित किया कि शराब की कोई कमी न हो और उपभोक्ताओं को बिना किसी परेशानी के शराब उपलब्ध हो सके।



**पुलिस आयुक्त गौतमबुद्धनगर श्रीमती लक्ष्मी सिंह को अपर पुलिस महानिदेशक पद पर पदोन्नति होने पर गुलदस्ता देकर बधाई देते ब्राह्मण समाज महासंघ ( रजि ) के राष्ट्रीय अध्यक्ष गिरीश मिश्रा, वरिष्ठ भाजपा नेता रविकांत मिश्रा व भाजपा के उपाध्यक्ष मनीष शर्मा आदि।**

**-पंजाबी एकता समिति ने-**

# नववर्ष पर सांसद को दी शुभकामनाएं



**नोएडा ( चेतना मंच )।** नोएडा पंजाबी एकता समिति परिवार के वरिष्ठ उपाध्यक्ष विनीत मेहता के नेतृत्व में नोएडा के सांसद एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ. महेश शर्मा को नववर्ष की शुभकामनायें दी एवं नोएडा पंजाबी एकता समिति परिवार ने लोहड़ी के कार्यक्रम में आने का निमंत्रण दिया।

इस मौके पर साथ में सांसद प्रतिनिधि संजय बाली, महासचिव नरेन्द्र चोपड़ा एवं उपाध्यक्ष नवीन सोनी उपस्थित रहे।

# नए साल में जेवर को मिला पहला राजकीय महाविद्यालय

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** जेवर क्षेत्र के ऊपर अभी यूपी सरकार की मेहरबानी बरस रही है। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के बाद जेवर को पहला राजकीय महाविद्यालय भी मिल गया है। उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से प्रमुख सचिव एमपी अग्रवाल ने महाविद्यालय को सरकारी कॉलेज का दर्जा प्रदान कर दिया है। अब छात्र-छात्राओं को जहां मामूली फीस देनी होगी वहीं उच्च शिक्षा के लिए बाहर जाने की जरूरत नहीं पड़ेगा। नए सत्र से बीएससी, बीकॉम और बीए में विद्यार्थी प्रवेश ले सकेंगे।

उत्तर प्रदेश शासन की ओर से आर्थिक रूप से कमजोर छात्र छात्राओं को नए साल का तोहफा दिया गया है। पहले जेवर क्षेत्र में महाविद्यालय नहीं होने से छात्र-छात्राओं को खुर्जा, बुलंदशहर और अलीगढ़ की ओर रुख पड़ता था। 2022 में शांति देवी राजकीय महाविद्यालय जेवर की शुरूआत हुई, लेकिन मेरठ विश्वविद्यालय से संघटक कॉलेज के कारण छात्र-छात्राओं को दाखिला लेने के लिए अधिक फीस देनी पड़ती थी। आर्थिक स्थिति सही नहीं होने के कारण छात्र-छात्राओं को दिक्कत का सामना करना पड़ता है। अब उनकी पढ़ाई नहीं बाधित होगी।

राजकीय महाविद्यालय का दर्जा मिलने के बाद अब शैक्षणिक कर्मचारियों की भी भर्ती होगी। इसके साथ ही अन्य अधूरी पड़ी परियोजनाओं को भी उड़ान मिल सकेगी। वर्तमान में 13 शिक्षक महाविद्यालय में तैनात हैं। जिसमें 4 बीए, 2 बीकाम और 4 बीएसी के छात्रों को पढ़ा रहे हैं। जबकि फिजिक्स जैसे महत्वपूर्ण विषय का शिक्षक कॉलेज में नहीं है।

ग्रामीण क्षेत्र से आने वाले छात्र छात्राओं की आर्थिक स्थिति सही नहीं होने के कारण उनके अभिभावक अधिक फीस नहीं दे पा रहे हैं। तीन साल से कॉलेज संचालित होने के बाद भी अब तक 425 छात्र ही नामांकित है। राजकीय महाविद्यालय का दर्जा मिलने के बाद अब नए सत्र से छात्रों की संख्या में उछाल आएगा। क्योंकि अब छात्रों को यहां कम फीस में पढ़ने का मौका मिल जाएगा।

बीएससी, बीकॉम और बीए के साथ ही फैशन डिजाइनिंग और सिनेमेटोग्राफी के कोर्स भी कॉलेज में शुरू किए गए थे। लेकिन तीन साल बीत जाने के बाद भी यह कोर्स अब तक चल नहीं पाए हैं। फीस अधिक होने के कारण छात्र छात्राओं ने इन कोर्स में कोई रुचि नहीं दिखाई। कॉलेज के प्राचार्य अनुज कुमार अग्रवाल का कहना है कि राजकीय महाविद्यालय का दर्जा मिलने के बाद कई सुविधाएं मिलेंगी। इसके साथ ही छात्र छात्राओं को अब 2 से 3 हजार रुपये में ही दाखिला मिल जाएगा। उनकी पढ़ाई अब बाधित नहीं होगी।

# नववर्ष पर डीपी यादव ने गरीबों को बांटे कम्बल

**नोएडा ( चेतना मंच )।** नोएडा के श्री कृष्णा इंटर कॉलेज,



गढ़ी चौखंडी में नए साल की पूर्व संध्या पर एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर पूर्व मंत्री और प्रसिद्ध कारोबारी डीपी यादव ने प्रदेश में चल रही कड़ाके की ठंड को देखते हुए जरूरतमंद बच्चों को कंबल वितरित किए। साथ ही उन्होंने अपने साथियों और क्षेत्रवासियों को नववर्ष की शुभकामनाएं दीं।

कार्यक्रम के दौरान डीपी यादव ने कहा कि गरीब, मजदूर और किसान परिवारों के बच्चों को समान अवसर प्रदान करना बेहद आवश्यक है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि समाज के उन बच्चों को, जो किसी न किसी कारणवश शिक्षा में पीछे रह गए हैं, मदद की जानी चाहिए। उन्होंने कहा, हम सभी को यह सुनिश्चित करना होगा कि इन बच्चों को न केवल अच्छी शिक्षा मिले, बल्कि उनकी बुनियादी जरूरतें, जैसे कपड़े और किताबें भी पूरी हों। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि बच्चों को एक स्वस्थ और सकारात्मक वातावरण में शिक्षा प्राप्त करने का अवसर देना समाज और देश के विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। यादव ने कहा कि जब नौनिहाल अच्छे स्वास्थ्य और शिक्षा से सुसज्जित होंगे, तो समाज का भविष्य उज्जवल होगा। यही बच्चे आगे चलकर देश की बागडोर संभालेंगे और देश को तरक्की के रास्ते पर लेकर जाएंगे। जब नीव मजबूत होगी, तो इमारत तो बुलंद होगी ही।

कार्यक्रम के अंत में, डीपी यादव ने श्री कृष्णा इंटर कॉलेज के मैनेजमेंट और प्रधानाचार्य पूनम सिंह, कोषाध्यक्ष आर एन यादव, सभी अध्यापक, अध्यापिकाओं सहित छात्र-छात्राओं को धन्यवाद और शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा, मुझे विश्वास है कि यह विद्यालय आने वाले समय में गरीब, मजदूर और आम मध्यवर्गीय परिवारों के बच्चों को उत्कृष्ट शिक्षा प्रदान करेगा और उन्हें बेहतर भविष्य के लिए तैयार करेगा।

# 'पोषण भी पढ़ाई भी' प्रशिक्षण का हुआ समापन

**नोएडा ( चेतना मंच )।** जनपद में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों की तीन बैच में ''पोषण भी पढ़ाई भी'' की तीन दिवसीय ट्रेनिंग का समापन विगत दिवस बाल विकास परियोजना अधिकारी दनकौर संध्या सोनी की अध्यक्षता हुआ। तीन दिवसीय ट्रेनिंग में जिला मोबिलाइजेशन समन्वयक आशीष सक्सैना द्वारा टीकाकरण एवं टीकाकरण से बचाए जाने वाली 12 प्रकार की बीमारियों के बारे में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों बताया गया एवं टीबी के गंभीर परिणाम, बचाव की जानकारी उपलब्ध करायी गयी। बीएमसी शिवेंद्र श्रीवास्तव द्वारा वीएचएसएनडी सत्र पर दी जाने वाली गुणवत्ता पूर्ण सेवाओं के बारे में चर्चा की गयी। मास्टर ट्रेनर ऊषा सिंह द्वारा दिव्यांग बच्चों की पहचान व उनके साथ व्यवहार परिवर्तन सीख, शिक्षा के साथ साथ पोषण ट्रेकर में वजन, लम्बाई, सैम व मैम बच्चों की सम्बन्धित जानकारी से आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को विस्तार से अवगत कराया गया।

पोषण भी पढ़ाई भी के प्रशिक्षण में रॉकेट लर्निंग की तरफ से गायत्री द्वारा आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को ईसीसीई का प्रशिक्षण दिया गया साथ ही आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को यह भी बताया गया कि 0 से 6 वर्ष तक के बच्चे जो कि जन्म के साथ सीखना शुरू कर देते हैं उनको किस तरह से खेल-खेल में शिक्षित किया जा



सकता है। छोटे बच्चों में अगर सीखने के अनुभव बहुत अच्छे होंगे तो उसका भविष्य भी बहुत अच्छा होगा और वह एक अच्छा समाज बना सकता है एक अच्छा नागरिक बन सकता है के सम्बन्ध में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को प्रशिक्षण दिया गया। उक्त प्रशिक्षण में उनके साथ विभाग की तरफ से प्रीति भदोरिया और अनीता मलिक उपस्थित रही। पोषण भी पढ़ाई भी के अंतर्गत परियोजना में कार्यरत आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को साइना रॉकेट लर्निंग स्वयंसेवी संस्था, जिला बचत अधिकारी शलभ राठी द्वारा महत्वपूर्ण जानकारी से अवगत कराया गया।

